




RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534

डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच








वर्ष- 14, अंक - 58 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, रविवार 11 दिसंबर 2022 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


## खास खबर...

### भारत का पाकिस्तान पर बड़ा हमला, आतंकियों को अच्छा और बुरा में बांटने का युग समाप्त होना चाहिए

**संयुक्त राष्ट्र (एजेंसी)।** आतंकवाद को लेकर भारत ने पाकिस्तान का नाम लिए बिना एक बार फिर से हमला बोला है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत द्वारा जारी एक अवधारणा नोट में कहा गया है कि राजनीतिक सुविधा के आधार पर आतंकवादियों को बुरा या अच्छा के रूप में वर्गीकृत करने का युग तुरंत समाप्त होना चाहिए। इस तरह से गुड टेररिज्म और बैड टेररिज्म करना, आतंकवाद के खिलाफ लड़ने के लिए साझा वैश्विक प्रतिबद्धता को कमजोर करेगा। बता दें कि भारत, 15 देशों की संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का वर्तमान अध्यक्ष है और 14 और 15 दिसंबर को विदेश मंत्री एस जयशंकर की अध्यक्षता में सुधारित बहुपक्षवाद और आतंकवाद-निरोध पर दो हस्ताक्षर कार्यक्रम आयोजित करेगा। बैठक से पहले, संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने महासचिव एंटोनियो गुटेरेस को लिखे एक पत्र में कहा कि आतंकवाद जैसे गंभीर मुद्दों पर चर्चा करने के लिए एक अवधारणा नोट को सुरक्षा परिषद के एक दस्तावेज के रूप में परिचालित किया जाना चाहिए। पत्र में लिखा गया है कि 11 सितंबर, 2001 को न्यूयॉर्क में हुए आतंकवादी हमले, आतंकवाद के प्रति वैश्विक दृष्टिकोण में एक महत्वपूर्ण मोड़ थे। तब से, लंदन, मुंबई, पेरिस, पश्चिम एशिया और अफ्रीका के कई हिस्सों में भी आतंकवादी हमले हुए हैं। इसमें कहा गया है कि ये हमले इस बात को उजागर करते हैं कि आतंकवाद का खतरा गंभीर और सार्वभौमिक है और दुनिया के एक हिस्से में आतंकवाद दुनिया के अन्य हिस्सों में शांति और सुरक्षा को गंभीर रूप से प्रभावित करता है।

छत्तीसगढ़ को मिली वंदेभारत एक्सप्रेस

# नागपुर से पीएम नरेन्द्र मोदी ने किया रवाना दुर्ग-रायपुर से लेकर बिलासपुर तक हुआ स्वागत




श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** देश की सबसे तेज कहे जाने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस आखिर छत्तीगसढ़ को मिल गई। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर जोन को मिली यह ट्रेन नागपुर तक का सफर तय करेगी। रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नागपुर रेलवे स्टेशन से इस ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। नागपुर से निकलने के बाद लगभग 2 बजे दुर्ग रेलवे स्टेशन पहुंची। यहां से निकलने के बाद 2:30 बजे भिलाई पावर हाउस रेलवे स्टेशन पर पहुंची। इस दौरान दोनों की स्टेशनों पर ट्रेन का भव्य स्वागत किया गया। भिलाई के लोगों ने अपने ही अंदाज में वंदेभारत का वेलकम किया। शुभारंभ अवसर यह ट्रेन नागपुर से दुर्ग भिलाई के बीच लगभग सभी स्टेशनों पर रुकी।

बता दें हाल ही में रेलवे बोर्ड ने बिलासपुर से नागपुर के बीच वंदेभारत एक्सनप्रेस चलाने की घोषणा की थी। घोषणा के बाद इस ट्रेन का शेड्यूल भी आ गया। 11 दिसंबर को नागपुर से शुभारंभ होने के बाद इस यह ट्रेन 12 दिसंबर को नियमित रूप से चलने लगेगी। 12 दिसंबर को सुबह 6:45 बजे बिलासपुर से यह ट्रेन रवाना होगी और रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव गोंदिया रुकते हुए दोपहर 12:15 बजे नागपुर पहुंचेगी। नागपुर से यह ट्रेन दोपहर 2:05 बजे रवाना होगी और देर शाम 7:35 बिलासपुर पहुंचेगी।

### वंदेभारत की यह है खासियत, मिलेगी हवाई जहाज जैसी सुविधा

वंदे भारत रेक इंटीग्रल कोच फैक्ट्री द्वारा 'मेक इन इंडिया' के तहत स्वदेशी रूप से निर्मित एक सेमी हाई स्पीड ट्रेन है और विमान जैसी यात्रा अनुभव प्रदान करता है। यह उन्नत और सुरक्षा सुविधाओं से लैस है जिसमें स्वदेशी रूप से विकसित 'कवच' ट्रेन टक्कर बचाव प्रणाली शामिल है। सभी कोच स्वचालित दरवाजों, मनोरंजन के उद्देश्य से ऑन-बोर्ड हॉटस्पॉट वाई-फाई और बहुत आरामदायक बैठने से सुसज्जित हैं। सभी शौचालय बायो-वैक्यूम प्रकार के हैं। प्रत्येक कोच में गर्म भोजन, गर्म और ठंडे पेय पदार्थ परोसने की सुविधा के साथ पेंट्री है।

इसमें वाई-फाई ऑन-डिमांड सुविधा भी है और प्रत्येक कोच यात्री सूचना और इंफोटेनमेंट प्रदान करने वाली 32 स्क्रीन से सुसज्जित है। विकलांग यात्रियों की सुविधा के लिए, ब्रेल अक्षरों में सीट नंबर के साथ सीट हैंडल, सभी कक्षाओं में बैठने वाली सीटें और एक्जीक्यूटिव कारों में 180 डिग्री घूमने वाली सीटें प्रदान की गई हैं। इस ट्रेन में कोच के बाहर चार प्लेटफॉर्म साइड कैमरे भी दिए गए हैं, जिनमें रियर व्यू कैमरे भी शामिल हैं।



## पीएम मोदी ने नागपुर मेट्रो के दूसरे चरण की रखी नींव

वंदेभारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाने के बाद पीएम मोदी ने नागपुर मेट्रो के दूसरे चरण की आधारशिला रखी। साथ ही प्रधानमंत्री ने 1,500 करोड़ रुपए से अधिक की रेल परियोजनाओं की शुरुआत भी की। इस दौरान पीएम मोदी ने नागपुर एम्स का लोकार्पण भी किया। पीएम मोदी नागपुर-मुंबई के बीच बन रहे समृद्धि महामार्ग के पहले चरण का उद्घाटन किया। कुल 701 किमी लंबे एक्सप्रेसवे का नागपुर से मुंबई तक 520 किमी का पहला चरण तैयार हो चुका है। 55,000 करोड़ की लागत से बन रहा यह एक्सप्रेसवे महाराष्ट्र के 10 जिलों और अमरावती, औरंगाबाद और नासिक के प्रमुख शहरी क्षेत्रों से होकर गुजरेगा। एक्सप्रेसवे आसपास के 14 अन्य जिलों की कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने में मदद करेगा, जिससे विदर्भ, मराठवाड़ा और उत्तरी महाराष्ट्र के क्षेत्रों सहित राज्य के लगभग 24 जिलों के विकास में मदद मिलेगी।

## गैस सिलेण्डर फटने से लगी आग से मची तबाही, घर व दफ्तर का सारा सामान खाक

श्रीकंचनपथ न्यूज



**दुर्ग।** दुर्ग के पद्मनाभपुर क्षेत्र में बीती रात बड़ा हादसा हो गया। यहां के एक एजुकेशन दफ्तर के पीछे किचन में सिलेण्डर ब्लास्ट हो गया जिससे दफ्तर व घर में आग लग गई। आग तेजी से फैलने लगी। गनीमत यह रही कि ब्लास्ट के समय किचन में कोई नहीं था। वहीं घटना की सूचना के बाद फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। इस हादसे में लाखों का सामान जलकर खाक हो गया।

मिली जानकारी के अनुसार फ़ायर कंट्रोल रूम में रात करीब 12 बजे कॉल कर सूचना दी गई। पद्मनाभपुर स्थित सुनीता लुनिया के निवास स्थान पर दुर्ग एजुकेशन के दफ़्तर में आग लग गई थी। मौके पर पहुंचे अग्निशमन कर्मियों आग पर काबू पाना शुरू किया। इसके बाद पता चला कि दफ़्तर के पीछे किचन में सिलेंडर ब्लास्ट होने पर दफ़्तर एवं घर सामान जलने लगे थे। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। इस दौरान एक और सिलेण्डर ब्लास्ट हो गया।

करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद अग्निशमन कर्मियों ने आग पर काबू पा लिया। आग बुझने के बाद अग्निशमन कर्मियों ने दो फटे सिलेंडर व तीन भरे हुए सिलेंडर बरामद किए। आग की वजह से लगभग 25 लाख रुपए का सामान जलकर खाक हो गया है। सिलेण्डर कैसे फटा इसकी जानकारी नहीं हो पाई है। इस पूरी कार्रवाई में अग्निशमन विभाग के नागेन्द्र कुमार सिंह, एफ प्रवीण बारा, अवतार सिंह, नगर सैनिक जवान डी वहार देशमुख, हीरामन व राजू लाल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



## नारायणपुर में पुलिस-नक्सलियों के बीच मुठभेड़, आईईडी ब्लास्ट के बाद जवानों से संभाला मोर्चा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**नारायणपुर।** रविवार को नारायणपुर जिले में पुलिस-नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। जवानों को नुकसान पहुंचाने के इरादे से नक्सलियों ने पहले तो आईईडी ब्लास्ट किया और उसके बाद फायरिंग शुरू कर दी। इसके बाद जवानों ने जवाबी फायरिंग शुरू कर दी। बताया जा रहा है जवानों को भारी पड़ता देख नक्सली जंगलों की ओर भाग गए। वहीं मौके पर सर्चिंग जारी है। आईईडी ब्लास्ट से कोई जान हताहत नहीं हुआ है।

मिली जानकारी के मुताबिक आज सुबह डीआरजी और सीएएफ का जवान एरिया डोमिनेशन पर निकले हुए थे। सुबह लगभग 9:10 बजे ग्राम गुदाड़ी के पास नक्सलियों ने कुकर आईईडी ब्लास्ट कर दिया। इसके बाद जवानों ने मोर्चा संभाल लिया। इस दौरान नक्सलियों ने अपनी फायरिंग भी खोल दी। इसके बाद जवानों ने भी जवाबी फायरिंग की। लगभग 40 से 50 मिनट तक यह दोनों ओर से फायरिंग होती रही। इसके बाद जवानों को भारी पड़ता देख सभी नक्सली फरार हो गए। बस्तर के आईजी सुंदरराज पी ने मुठभेड़ की पुष्टि की है और उन्होंने यह भी बताया कि सभी जवान सुरक्षित हैं।

## नेहरू नगर चौक पर हादसा, आमने सामने से टकराए ट्रक व माजदा, तीन घायल

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** नेहरू नगर चौक पर बीती रात बड़ा हादसा हो गया। हादसे में हालांकि किसी जान नहीं गई है लेकिन दोनों गाड़ियां बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है। हादसे की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया है। मौके से पुलिस ने दोनों को वाहनों को जब्त कर लिया है। फिलहाल घायलों का बयान नहीं हुआ है।

मिली जानकारी के अनुसार हादसा नेहरू नगर चौक पर हुआ। शनिवार आधीरात के बाद ट्रक और माजदा वाहन आपस में टकरा गए। हादसा इतना भयानक था कि दोनों वाहनों के सामने का हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद कुछ देर के लिए सड़क पर यातायात भी ठप रहा। हालांकि यातायात विभाग के कर्मचारी व सुपेला थाना के कर्मी मौके पर पहुंचे और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। दुर्घटना में 3 लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने दोनों वाहन जब्त कर लिए हैं।

## छूट के बाद चीन में कोरोना फिर मचा रहा कोहराम, डर से कारोबार समेट रहे लोग, सख्त दिशानिर्देश जारी



**बीजिंग (एजेंसी)।** चीन में छूट के बाद एक बार फिर से कोरोना ने कोहराम मचाना शुरू कर दिया है। संक्रमितों की संख्या में खतरनाक तरीके से इजाफा होने लगा है। दुकानों पर दवाइयों के लिए लंबी-लंबी कतारें लगी हुई हैं। शॉर्टेज की वजह से मौजूद दवाइयों और सामान की कीमत बढ़ गई है। बताया जा रहा है कि कोरोना लॉकडाउन में छूट के बाद बाजार में अचानक भीड़ बढ़ गई जिससे स्थिति और बिगड़ गई। अब चीन सरकार को एक बार फिर से सख्ती बरतनी पड़ रही है। सरकार लॉकडाउन को पुन: लागू करने पर विचार कर रही है।

## वंदेभारत एक्सप्रेस देखने में मस्त थे लोग, इधर युवक चुराने लगा मोबाइल, स्टेशन पर ही पिट गया बदमाश

**भिलाई।** वंदे भारत एक्सप्रेस के भिलाई पावर हाउस रेलवे स्टेशन पहुंचने के दौरान रविवार दोपहर को मोबाइल चोरी कर रहे युवक की जमकर पिटाई हो गई। वंदेभारत के स्वागत के लिए बड़ी संख्या में स्टेशन पर भीड़ लगी हुई थी। इस दौरान भीड़ का फायदा उठाते हुए युवक ने मोबाइल चुराने का प्रयास किया लेकिन वह एक यात्री की नजर में चढ़ गया। वंदे भारत तो निकल गई उसके बाद भीड़ बदमाश पर टूट पड़ी। आरपीएफ के जवानों ने बदमाश युवक को इनसे छुड़ाया।

बता दें रविवार को नागपुर से पीएम मोदी ने वंदेभारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। शुभारंभ के दौरान इस ट्रेन सभी स्टेशनों पर लोगों के दर्शनों के रोका गया। वंदे भारत एक्सप्रेस भिलाई पावर हाउस स्टेशन पर दोपहर करीब 2:30 बजे पहुंची। इस दौरान यहां पर बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे। भाजपा के स्थानीय नेता व लोग ट्रेन के स्वागत के लिए पहुंचे। ट्रेन जैसे ही प्लेटफार्म क्रमांक एक पर पहुंची तो लोग इस भव्य ट्रेन को देखने लगे। झंडा लहराकर क्रु मेंबर्स का स्वागत किया गया। इस दौरान भीड़ का फायदा उठाकर एक युवक मोबाइल चुराने का प्रयास करने लगा।

## 'यातायात सुरक्षा!' यह किस चिड़िया का नाम है

श्रीकंचनपथ न्यूज




यातायात सुरक्षा पर हम केवल बातें ही करते हैं. साल में एक बार सड़क सुरक्षा सप्ताह मना लेते हैं. दो चार दर्जन भाषण होते हैं. कुछ लोग लिख पढ़ कर अपनी भड़ास निकाल लेते हैं. हम भी वही कर रहे हैं. हमारा मनोभाव ही बदल चुका है. यातायात सुरक्षा की बातें करने वालों पर तो लोग हंसते हैं. कुम्हारी फ्लाईओवर पर जो हादसा हुआ, उसके लिए हम दोषी ढूंढ रहे हैं. ठेकेदार के खिलाफपुलिस ने एफआईआर दर्ज कर लिया है. लोग राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों के खिलाफ भी एफआईआर की मांग कर रहे हैं. कुछ लोग पुलिस और हाइवे पैट्रोलिंग को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं. जनता की सहानुभूति, जैसा कि हमेशा होता है, मृतक परिवार के साथ है. लोग इस बात को नजरअंदाज करना चाहते हैं कि बाइक इतनी रफ्तार में थी कि ब्रेक मारने पर तीन सवारी सहित स्किड हो गई. बाप बेटी नीचे जा गिरे, मां पिलर से टकराकर वहीं लटक गई. दंपति की घटनास्थल पर ही मौत हो गई और तीन बच्चे अनाथ हो गए. इसी जगह से एक कार भी नीचे गिर गई. इससे पहले नेहरू नगर चौक पर भी ऐसा ही हादसा हो चुका है. फर्राटे से बाइक दौड़ाकर दो युवक फ्लाइओवर पर चढ़ गए. टर्न पर पता चला कि आगे तो सड़क ही नहीं है. कुम्हारी फ्लाईओवर पर सड़क थी जो एकाएक गायब हो गई. कायदा कहता है कि कहीं भी सड़क बंद हो या उसपर काम चल रहा हो तो ट्रैफिक को डाइवर्ट किया जाना चाहिए. इसकी सूचना वहां होनी चाहिए जहां से लोग उस सड़क पर प्रवेश करते हैं. पर हम सभी जानते हैं कि ऐसा करना किसी को भी जरूरी नहीं लगता. लोग अपनी सड़क को पूरा घेर कर पंडाल लगा लेते हैं. लोग उसमें घुसकर फंस जाते हैं. थोड़ी बातें ड्राइविंग की भी कर लें तो अच्छा रहेगा. अगर कोई बंदा अपनी गाड़ी नियम कानून के मुताबिक चलाकर रायपुर जा रहा है तो उसके दोस्त कहने लगते हैं, ला मैं चलाता हूँ. कोई कायदे से गाड़ी चलाए तो साथ बैठी पत्नी भी उलाहना देती है कि ऐसे में तो हम लेट हो जाएंगे. जब हमारी मानसिकता ही सबको धक्का देकर आगे निकलने की होगी तो सुरक्षा नियमों का पालन कौन करेगा. यह परिवर्तन हमारी मानसिकता का है. पिछले दो-तीन दशकों में दिखावा और फोकटिया प्रतिस्पर्धा की ऐसी बीमारी फैली है कि उचित अनुचित का बोध ही खत्म हो गया है. बारिश के मौसम में आधी रात को बिजली चली जाए तो बिना पर्याप्त सुरक्षा उपकरणों के गीली सीढ़ी लेकर लाइन मैन को अपने काम पर निकलना पड़ता है. हम बिजली विभाग की नाक में दम कर देते हैं. घर हो या अस्पताल, एक-एक साकेट पर टू-वे, थ्री-वे लगाकर एकाधिक उपकरण जोड़ दिये जाते हैं. कोलकाता के इससे एक अस्पताल में आगजनी हो गई और कई मारे गए. इसके बावजूद लापरवाही में कोई कमी नहीं आई है. इसलिए तो कहते हैं, 'सेफ्टी इज लास्ट प्रायरिटी.




## संपादकीय

# विपक्षी एकता आर्थिक भी हो

आमतौर पर विपक्षी पार्टियों के बीच राजनीतिक और चुनावी एकजुटता की बात होती है। हर चुनाव से पहले कहा जाता है कि पार्टियां एक दूसरे से सहयोग करें, एक दूसरे के खिलाफ उम्मीदवार न उतारें, वोट काटने की राजनीति न करें आदि आदि। लेकिन इस राजनीतिक एकजुटता के साथ साथ आर्थिक एकजुटता भी जरूरी है। देश की कई पार्टियां हैं, जिसमें कांग्रेस भी शामिल है, जिनके पास बड़ा आधार है, संगठन है, नेता हैं लेकिन धन नहीं है। संसाधन नहीं है। केंद्र में भाजपा की सरकार बनने के बाद चुनावी चंदे का रास्ता बंद कर दिया गया है। पार्टियों को मिलने वाला चंदा बंद सा है। इलेक्टोरल बांड के सिस्टम से जो चंदा मिलता है उसका 90 फीसदी भाजपा के खाते में जाता है। कॉरपोरेट के ऊपर निगरानी और अंकुश है कि वे विपक्षी पार्टियों को चंदा न दें। जहां विपक्षी सरकारें हैं वहा भी ठेके-पट्टे से कमाई या तो बंद या कम हो गई है क्योंकि केंद्रीय एजेंसियां सक्रिय हैं। लगभग सभी राज्यों में सरकारों के लिए धन का बंदोबस्त करने वाले कारोबारियों पर छापे पड़े हैं या जांच चल रही है। ऐसे समय में जरूरी है कि जिन पार्टियों के पास संसाधन हैं वे दूसरी पार्टियों की मदद करें। सिर्फ राजनीतिक मदद या तालमेल पर्याप्त नहीं है। भाजपा का मुकाबला करने के लिए बेहिसाब संसाधन की जरूरत पड़ेगी। क्या किसी विरोधी पार्टी का दिल इतना बड़ा है कि वह दूसरी पार्टियों के लिए अपना खजाना खोले? ध्यान रहे बिहार में नई पार्टी बनाने से पहले प्रशांत किशोर पदयात्रा कर रहे हैं और नई राजनीति की जमीन तलाश रहे हैं, उन्होंने कई बार कहा कि देश के कई राज्यों में उन्होंने नेताओं और पार्टियों की मदद की तो अब वे लोग उनकी मदद कर रहे हैं। सो, क्या प्रशांत किशोर की मदद करने वाली पार्टियां वैसी ही मदद दूसरी विपक्षी पार्टियों की कर सकती हैं? सो यदि कोई बड़ा नेता इस बात की पहल करता है कि विपक्षी पार्टियों में एकजुटता बने। सबके लिए विन विन सिचुएशन हो तो साथ में संसाधनों का एक साझा कोष बनवाना भी जरूरी है। भाजपा मीडिया के ऊपर और सोशल मीडिया में बेहिसाब खर्च करती है। वह चुनाव प्रचार में पानी की तरह पैसा बहाती है। विपक्षी पार्टियां उस तरह से तो नहीं कर सकती हैं लेकिन साझा कोष बना कर साझा प्रचार का जरूरत भर खर्च का इंतजाम कर सकती है ताकि सारी पार्टियां ठीक से चुनाव लड़ सकें। उनका प्रचार ठीक से हो। चुनाव का प्रबंधन भी ठीक से हो। तेलंगाना, तमिलनाडु, महाराष्ट्र आदि राज्यों की भाजपा विरोधी पार्टियां सक्षम हैं। वे दूसरी पार्टियों की मदद कर सकती हैं। अगर तालमेल होता है तो झारखंड में जेएमएम कांग्रेस और राजद को लड़वा सकती है और पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी चाहें तो कांग्रेस और लेफ्ट के लिए बंदोबस्त कर सकती हैं। राजनीति के साथ साथ संसाधनों के इंतजाम पर भी विरोधियों को ध्यान देना होगा।

> “ सबके लिए विन विन सिचुएशन हो तो साथ में संसाधनों का एक साझा कोष बनवाना भी जरूरी है। भाजपा मीडिया के ऊपर और सोशल मीडिया में बेहिसाब खर्च करती है। वह चुनाव प्रचार में पानी की तरह पैसा बहाती है। विपक्षी पार्टियां उस तरह से तो नहीं कर सकती हैं लेकिन साझा कोष बना कर साझा प्रचार का जरूरत भर खर्च का इंतजाम कर सकती है ताकि सारी पार्टियां ठीक से चुनाव लड़ सकें। उनका प्रचार ठीक से हो। चुनाव का प्रबंधन भी ठीक से हो। तेलंगाना, तमिलनाडु, महाराष्ट्र आदि राज्यों की भाजपा विरोधी पार्टियां सक्षम हैं।

## संसद में संवाद नहीं ?

मौजूदा सरकार की सोच संभवतः यह है कि संसद बहस या संवाद का मंच नहीं है। बल्कि यह विधायी कार्य के लिए है, जिसे जितनी जल्द संभव हो, निपटा लिया जाए। संसद के शीतकालीन सत्र की शुरुआत से पहले ही विपक्ष का असंतोष सामने आया। कांग्रेस ने शिकायत की कि इस सत्र की अवधि इतनी छोटी रखी गई है कि उसमें देश के सामने मौजूद जरूरी मुद्दों पर चर्चा का समय नहीं मिलेगा। छोटे से सत्र में पारित कराने के लिए 25 विधेयक सूचीबद्ध किए गए हैं। इनमें दो ऐसे हैं, जिन्हें वित्त विधेयक की श्रेणी में रखा गया है। इन सभी विधेयकों पर चर्चा के लिए कुल 56 घंटे रखे गए हैं। यानी हर बिल के लिए सवा दो घंटों से भी कम! और फिर दूसरे सवाल हैं, जिन पर विपक्ष चर्चा चाहता है। लेकिन सरकार की सोच संभवतः यह है कि संसद बहस या संवाद का मंच नहीं है। बल्कि यह विधायी कार्य के लिए है, जिसे जितनी जल्द संभव हो, निपटा लिया जाए। जब दलगत अनुशासन की ऐसी संस्कृति बन गई है कि पार्टियों के अंदर मतभेद की गुंजाइश नहीं बची है, तब विधायी कार्य को लेकर किसी के मन में क्या संशय हो सकता है? अगर पार्टी और सरकार के नेतृत्व ने कोई कानून बनाना सोच लिया और उस पार्टी का संसद में भारी बहुमत है, तो बिल का पारित होना तय है। इस रूप में संसद की भूमिका पर अवश्य ही बहस खड़ी होगी। कभी संसद के सत्र का आम जन के एक बड़े हिस्से को इसलिए इंतजार रहता था कि उसे वहां जन मानस को परेशान कर रहे मुद्दों पर सार्थक चर्चा और उसके आधार पर राजनीतिक आम सहमति उभरने की उम्मीद रहती थी। ऐसी ही उम्मीदों के कारण लोकतंत्र को विमर्श से चलने वाला शासन समझा जाता है। और इसीलिए जब विमर्श और आम सहमति की संभावनाएं खत्म होती दिखती हैं, तो देश के लिए भविष्य के लिए चिंता पैदा होती है। आखिर जन मानस की भावनाएं की जन प्रतिनिधियों के माध्यम से व्यक्त नहीं होंगी, तो मन का गुबार दूसरे माध्यमों से निकलेगा। फिर संसद का विमर्श सरकार की जवाबदेही तय करने के लिए भी अनिवार्य समझा जाता है। अगर जवाबदेही ना हो, तो फिर लोकतंत्र का कोई अर्थ ही नहीं बचता। बेहतर होगा कि वर्तमान सरकार इन बारीक बातों पर ध्यान दे।

## भाजपा का वोट नहीं काट सके केजरीवाल

गुजरात में विधानसभा चुनाव से पहले ऐसा लग रहा था कि अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी कुछ न कुछ वोट भाजपा का भी काटेगी। लेकिन वह ऐसा नहीं कर पाई। उलटे अरविंद केजरीवाल और कांग्रेस की लड़ाई के बीच भाजपा का समर्थक ज्यादा एकजुट हुआ और भाजपा का वोट प्रतिशत 53 फीसदी से ऊपर चला गया। असल में अरविंद केजरीवाल ने गुजरात चुनाव में हिंदुत्व का दांव खेला था। उन्होंने और उनकी पार्टी के दूसरे नेताओं ने बिलकिस बानो के बलात्कारियों के रिहाई पर कुछ नहीं बोला और उलटे कहा कि यह उनका मुद्दा नहीं है। केजरीवाल ने चुनाव के बीच भारतीय मुद्रा यानी रुपए पर गणेश और लक्ष्मी की तस्वीर लगाने का दांव चला। परंतु गुजरात में केजरीवाल का दोनों में से कोई दांव नहीं चला। भाजपा समर्थक हिंदू मतदाताओं में उनकी अपील नहीं बनी। तभी भाजपा का वोट पिछली बार के 49 फीसदी से बढ़ कर 53 फीसदी पहुंच गया। उसके वोट में चार फीसदी का इजाफा हुआ। इससे यह बात भी साबित हुई कि अभी लोग क्लोन को स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं। उनके पास एक पार्टी के तौर पर भाजपा और हिंदू नेता के तौर पर नरेंद्र मोदी व अमित शाह का विकल्प मौजूद है तो कम से कम उनके सामने किसी और को स्वीकार नहीं किया जा सकता है। हो सकता है कि गुजरात के बाहर दूसरे राज्य में केजरीवाल की अपील काम आए लेकिन गुजरात में वे भाजपा का वोट नहीं काट सके और कांग्रेस का करीब 13 फीसदी से ज्यादा वोट काट कर उसका भट्ठा बैठा दिया।

---

> “ ये नतीजे समूचे विपक्ष को चेतावनी देते हैं कि अगर आप आपस में लड़ेंगे, तो 2024 में भी परिणाम निराशाजनक हो सकते हैं। विपक्षी दल चाहें, तो अगले वर्ष होने वाले नौ राज्यों के चुनावों में इस सीख का इस्तेमाल कर सकते हैं।

# गुजरे चुनावों के सबक

शशि शेखर



गुजरात और हिमाचल विधानसभाओं के साथ दिल्ली नगर निगम के चुनाव परिणाम भारतीय लोकतंत्र की सटीक दास्तां बयान करते हैं। ये हर पार्टी को अगर खुशी मनाने की वजह देते हैं, तो सजग होने के लिए भी चेताते हैं। पिछले साल सर्दियों में गुजरात की सरजमीं का सियासी तापमान माप रहा था। वहां जिससे भी पूछता, एक ही जवाब मिलता- अरे यहां तो भाजपा ही आएगी, क्योंकि यह 'उनका' घर है। 'उनका' यानी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी! पिछले हफ्ते की रिकॉर्डतोड़ जीत उनकी लोकप्रियता और मतदाताओं के साथ आत्मिक तादात्म्य की मुनादी करती है। भाजपा ने 156 सीटें जीतकर न केवल 2002 में नरेंद्र मोदी के 127, बल्कि कांग्रेस के माधव सिंह सोलंकी के 1985 से कायम 149 सीटों के रिकॉर्ड को अतीत की बात बना दिया है। और तो और, पुल हादसे का शिकार हुए मोरबी जिले की सारी सीटों पर मिली जीत ने साबित कर दिया कि लोग मोदी की कथनी और करनी पर कितना यकीन करते हैं। हर रोज बदलती तकनीक, उम्मीदों के पसरते जनज्वार और आबादी के साथ बढ़ती आवश्यकताओं के इस युग में 27 सालों तक अपनी लोकप्रियता को बचाना-बढ़ाना कैसे संभव हुआ? मोदी के इस करिश्मे को यह कहकर अक्सर कम करने की कोशिश की जाती है कि वह हिंदुत्व का सहारा लेते हैं, पर धर्म की ओट से तिलिस्म गढ़ा जा सकता है, विश्वास नहीं। कोरोना काल से आज तक लगभग 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज बांटने का माद्दा कोई और देश नहीं दर्शा सका है। ऐसी तमाम योजनाओं के जरिये वह खुद को लोक-कल्याणकारी राज्य का पोषक साबित करने में कामयाब रहे हैं।

लगातार चुनाव जीतने के लिए सिर्फ इतना काफी नहीं होता। यहां से अमित शाह और उनकी देख-रेख में चुनावी मशीनरी का काम शुरू होता है। वे एक-एक बूथ और कार्यकर्ता पर नजर रखते हैं। मोदी की शख्सियत और कार्यक्रमों को हर वोटर तक पहुंचाने की कठिन जिम्मेदारी इस टीम के हाथ होती है। जरूरत पड़ते ही भाषा, भाव, सुर और तेवर बदलने का काम भी यही टीम करती है। गुजरात में 52.5 फीसदी वोट यूं ही नहीं हासिल हो गए।

भगवा दल ने पिछले चुनाव के मुकाबले इस बार तीन प्रतिशत मत ज्यादा हासिल किए। यही नहीं, हिमाचल में हार के बावजूद विजेता कांग्रेस से भाजपा का मत-प्रतिशत सिर्फ एक फीसदी कम रहा। दिल्ली नगर निगम में भी भगवा दल पराजय के बावजूद अपना मत-प्रतिशत बढ़ाने में कामयाब रहा। इसके उलट कांग्रेस के हिस्से में गुजरात में लगभग 14 फीसदी कम वोट आए और वह 17 सीटों पर सिमट गई। वहीं करीब 13 प्रतिशत मत प्राप्त कर आम आदमी पार्टी ने पांच सीटें जीतीं और राष्ट्रीय पार्टी का गौरव हासिल करने की राह प्रशस्त कर ली। आप की यह आमद कांग्रेस की कीमत पर हुई है।

क्या कांग्रेस ने गुजरात और दिल्ली को इसलिए भगवान भरोसे छोड़ दिया, ताकि सीमित संसाधनों का फलदायी उपयोग हिमाचल में किया जा सके? चाहे जो हो, मतदाताओं और कार्यकर्ताओं पर इसका अच्छा प्रभाव नहीं पड़ा। यही नहीं, जिन अशोक गहलोत को चुनाव संचालन की जिम्मेदारी सौंपी गई थी, वह बीच चुनाव में गुजरात के बजाय राजस्थान की राजनीति करते नजर आ रहे थे। उन्होंने अप्रत्याशित और अवांछित तौर पर सचिन पायलट को प्रकारांतर से गद्दार कह पहले से ही हताश कार्यकर्ताओं को और मायूस कर दिया। कांग्रेस की अभूतपूर्व पराजय की सबसे बड़ी वजह यही है।

इसके विपरीत आम आदमी पार्टी की उपलब्धि चौंकाने वाली है। गुजरात में पार्टी का कोई जनाधार नहीं है। न ही भाजपा और कांग्रेस जैसी कार्यकर्ताओं की फौज उसके पास है। अरविंद केजरीवाल के अलावा किसी अन्य नेता के प्रति कोई आकर्षण भी गुजरातियों में नहीं है, लेकिन केजरीवाल जानते थे कि भाजपा का विकल्प तलाश रहे लोग कांग्रेस से निराश हो चुके हैं। ऐसे में, आम आदमी पार्टी उनकी मंजिल बन सकती है। दिल्ली और पंजाब विधानसभा के बाद एमसीडी चुनावों में वह इस फॉर्मूले का सफल प्रयोग कर चुके हैं। यकीनन, आने वाले दिनों में अरविंद केजरीवाल खुद को नरेंद्र मोदी के विकल्प के तौर पर पेश करने की कोशिश करेंगे। कांग्रेस के लिए यह शुभ संकेत नहीं है।

आप सोच रहे होंगे कि अगर भाजपा और आप इतने कारगर हैं, तो फिर कांग्रेस ने हिमाचल कैसे जीत लिया? जवाब दुरूह नहीं है। कांग्रेस ने 'देवभूमि' को सिर्फ भगवान भरोसे नहीं छोड़ा। हिमाचल के प्रभारी राजीव शुक्ला ने लगातार भाजपा की अंदरूनी खेमेबंदी के मद्देनजर अपनी रणनीति में सुधार किए। पार्टी ने संसाधन की कमी न हो, इसके लिए छत्तीसगढ़ के तेजतर्रार मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को वहां का चुनाव प्रभारी बनाया। यह सब ठीक से चलता रहे, इसके लिए प्रियंका गांधी वाड्रा खुद स्थानीय टीमों के संपर्क में थीं। यही नहीं, अग्निवीर, पुरानी पेंशन योजना, सेब उत्पादकों की हताशा, बेरोजगारी और महंगाई जैसे मुद्दे भी भाजपा के प्रति विक्षोभ बढ़ा रहे थे। गुजरात में ये मुद्दे उतने प्रभावशाली इसलिए साबित नहीं हुए, क्योंकि वह मूलत कारोबारी और औद्योगिक प्रदेश है। इसके अलावा, भगवा दल यहां गुजरात और उत्तराखंड की तरह मुख्यमंत्री बदलने जैसे 'बोल्ड' फैसले नहीं ले सका। मंडी के उप-चुनाव में पराजय के बाद से ही जयराम ठाकुर को हटाने की मांग हो रही थी, पर वह बने रहे। हिमाचल में उस सीख की उपेक्षा महंगी पड़ी।

अब आते हैं उप-चुनावों पर। समाजवादी पार्टी की डिंपल यादव ने मैनपुरी लोकसभा की सीट पर 2,88,461 वोटों से जीत हासिल कर इस परंपरागत गढ़ पर कब्जा कायम रखा। उत्तर प्रदेश के ही रामपुर में आजम खां की लाख कोशिशों के बाद सपा को हार का सामना करना पड़ा, तो वहीं खतौली से राष्ट्रीय लोकदल के मदन भैया चुनाव जीत गए। समाजवादी पार्टी के लिए एक अच्छी खबर यह भी है कि गुजरात में उसके इकलौते प्रत्याशी ने अच्छे अंतर से जीत हासिल की। इसी तरह, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के उप-चुनावों में कांग्रेस और ओडिशा में बीजद ने विजय हासिल कर ली। हालांकि, बिहार के कुढ़नी में जद(यू) के प्रत्याशी को हराकर भाजपा ने महागठबंधन की ताकत पर सवाल चस्पां कर दिए हैं।

### क्या है इन नतीजों का सबक?

दिल्ली, हिमाचल और इन उप-चुनावों के नतीजे भाजपा को सतर्क होने का संकेत देते हैं। बेरोजगारी, महंगाई और कई अन्य ऐसे मुद्दे हैं, जो इस अभूतपूर्व चुनावी मशीन को चुनौती देने में सक्षम हैं। कांग्रेस के लिए दिल्ली और गुजरात का संदेश साफ है कि आपको अपना चाल, चरित्र और चेहरा बदलना ही होगा। 'आप' को भी हिमाचल से जो झटका मिला है, उससे स्पष्ट है कि पार्टी को क्षेत्रीय स्तर पर कुछ सबल चेहरे जोड़ने होंगे। इसके साथ कार्यकर्ताओं का संजाल भी खड़ा करना होगा। ये नतीजे समूचे विपक्ष को चेतावनी देते हैं कि अगर आप आपस में लड़ेंगे, तो 2024 में भी परिणाम निराशाजनक हो सकते हैं। विपक्षी दल चाहें, तो अगले वर्ष होने वाले नौ राज्यों के चुनावों में इस सीख का इस्तेमाल कर सकते हैं।

# गृह युद्ध ने पैर भले छीन लिया,पर हौसला नहीं

दिमा अमीन अकट्टा




हिंसा और अराजकता में फंसे इलाकों के बाशिंदों की दर्दनाक कहानियां अक्सर अखबारों, टेलीविजन स्क्रीन व सोशल मीडिया में नुमायां होती रहती हैं, मगर उनके बीच की कुछ कहानियां इंसानी जीवट की मिसाल हैं और हजारों-लाखों लोग उनसे प्रेरणा ले सकते हैं। सब जानते हैं, इस दुनिया में जिंदगी सबको एक ही मिलती है, अब उसे कैसे गुजारना है, यह आपके हाथ में है, मगर दीमा अमीन अकट्टा की कहानी रास्ता दिखाती है।

आज से 28 साल पहले सीरिया के पश्चिमोत्तर हिस्से में बसे 'साल्किन' कस्बे में दीमा पैदा हुई थीं। यह कस्बा 'इदलिब' शहर से थोड़ी ही दूरी पर स्थित है। दीमा जब किशोरावस्था में थीं, तभी उनके मुल्क के हालात तेजी से बिगड़ने लगे थे। राष्ट्रपति असद की तानाशाही के खिलाफ लोगों में गुस्सा गहरा चुका था और 'अरब स्प्रिंग' से जैसे इस ज्वालामुखी को मुहाना मिल गया। मिस्र, ट्यूनीशिया, लीबिया की क्रांति की तरह सीरिया में भी असद निजाम के खिलाफ लोग सड़कों पर उतर आए। देखते-देखते विरोध-प्रदर्शन गृह युद्ध में तब्दील हो गया। सरकारी दमन के विरुद्ध हिंसा भड़क उठी और खून-खराबे का एक लंबा सिलसिला चल पड़ा।

सितंबर 2012 की बात है। दीमा तब 18 साल की थीं। गृह युद्ध छिड़े लगभग एक साल हो चुका था। एक दिन वह अपने बैठक खाने में टेलीविजन देख रही थीं, तभी जोरदार का धमाका हुआ। कोई चेतावनी जारी नहीं हुई थी, इसलिए दूर-दूर तक अंदेशा न था कि उनके इलाके में बमबारी हो सकती है। उस हमले ने पूरे घर को तहस-नहस कर दिया था। गर्द के बैठने से पहले चेतना लौटी, तो दीमा ने पाया कि पूरा कमरा खून और मलबे से अटा पड़ा था। वह चीख उठीं। अम्मी ने जख्मी जवान बेटी को यूं अंक में समेटा, जैसे वह कोई नवजात हों।

एंबुलेंस तक पहुंचते-पहुंचते दीमा को पता चल गया था कि उनका एक पांव इस कदर क्षतिग्रस्त हो चुका है कि वह बस झूल रहा है। शोकाकुल परिजनों से जैसे किसी ने आवाज ही छीन ली थी, बस बेटी की पीड़ा सबकी आंखों से बही जा रही थी। एंबुलेंस इदलिब शहर की ओर दौड़ पड़ी। उसे उस बड़े अस्पताल तक पहुंचना था, जहां दीमा का ऑपरेशन हो सके। दर्द से तड़पती दीमा को उस वक्त बस यही लग रहा था कि सांसों का साथ शायद इस सड़क पर ही छूट जाए या अगली मोड़ पर। मगर नियंता ने उसकी लय बनाए रखी। अगले दिन दीमा का ऑपरेशन हुआ। डॉक्टरों को घुटने से उनका बायां पैर काटना पड़ा। दीमा को बताया गया कि अब वह कभी चल न पाएंगी। अराजकता के शिकार क्षेत्रों के लोगों की बुनियादी चिंता सुरक्षा होती है, लेकिन यहां जान बची भी तो एक बोझ-सी लगने लगी थी। ऐसे कैसे जिएंगे? मगर जानकारों ने बताया, सब कुछ खत्म नहीं हुआ है, कृत्रिम पैर की बदौलत वह एक सामान्य जिंदगी जी सकती हैं। मगर इतने पैसे कहां थे? तो क्या बाकी जीवन बैसाखी के सहारे कटेगा? यह सवाल परेशान करने लगा था।

मुल्क के हालात बद से बदतर होते जा रहे थे। आखिरकार दीमा का परिवार पलायन कर लेबनान आ गया, जहां पहले से ही एक बेटा रह रहा था। सीरिया के मुकाबले लेबनान सुरक्षित तो था, मगर शरणार्थियों की जिंदगी बहुत कठिन थी। दीमा के भाई-बहनों को स्कूल दाखिला नहीं दे रहे थे और न ही कोई उन्हें नौकरी देने को राजी था। अलबत्ता, उन्हें जिम जाने की सहूलियत थी। सीरिया में गृह युद्ध छिड़ने से पहले दीमा खूब दौड़ा करती थीं, पर अब तो एक पैर ही गायब था। जब-जब वह अपने आस-पास किसी को दौड़ते देखतीं, तो मन तड़प उठता।

कृत्रिम पैर बहुत महंगा था, लेकिन मन के किसी कोने में उम्मीद की लौ भी जलती रही। वह अपने एक पैर को ही भरपूर मजबूत करने में जुट गईं। बिना बैसाखी के एक पांव पर खड़े होने के अभ्यास के साथ-साथ उन्होंने कंधे का व्यायाम भी शुरू किया। मगर दौड़ने की उनकी दिली चाहत को ठोस आधार मिला 2017 में, जब 'संयुक्त राष्ट्र पुनर्वास कार्यक्रम' के तहत उन्हें ब्रिटेन के बेडफोर्डशायर में रहने की अनुमति मिली। दीमा फौरन ब्रिटेन आ गईं। साल 2018 में राष्ट्रीय स्वास्थ्य योजना के तहत उन्हें कृत्रिम पैर भी मिल गया। वह सिर्फ एक पैर नहीं था, बेशकीमती सपनों को पंख मिलना था। दीमा उसे पकड़कर ही सो जाया करती थीं।

शुरू-शुरू में कृत्रिम पैर पहनकर चलने में काफी दर्द होता था, मगर प्रशिक्षक की मदद से जल्द ही पैर व पीठ के दर्द से छुटकारा मिल गया और दीमा ट्रेडमिल पर वर्कआउट करके संतुलन साधने में कामयाब हो गईं। अब वह फ्लिटविक (बेडफोर्डशायर) में रहती हैं और एक प्राइमरी स्कूल में नन्हे बच्चों की पर्यवेक्षक हैं। कृत्रिम पैर को देखकर बच्चे जब उन्हें 'रोबोट मैम' कहते हैं, तो दीमा खिल उठती हैं। लगता है, जैसे दर्द का दरिया पार करके वह किसी गुलशन में आ गई हों। इंटीरियर डिजाइन की पढ़ाई करने के साथ-साथ दीमा अमीन शरणार्थियों के कल्याण से जुड़े कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती हैं।

अपनी माटी से दर-बदर हुए लोगों की महामारी के दौरान मदद के लिए वह 'हेल्प रिफ्यूज' अभियान से जुड़ीं। इस अभियान ने 70 हजार पाउंड की धनराशि इकट्ठा की थी। इन दिनों दीमा 2024 के पैरालंपिक की 100 मीटर दौड़ प्रतिस्पर्द्धा के लिए क्वालीफाई की तैयारी कर रही हैं। वह उन तमाम बच्चों के लिए कृत्रिम पैर खरीदना चाहती हैं, जिन्होंने युद्धों में अपने पैर खो दिए। पैरालंपिक मेडल हासिल कर दीमा उन्हें बताना चाहती हैं कि दिव्यांग होना जिंदगी का अंत नहीं, एक पड़ाव से आगे बढ़ना है। बीबीसी ने दीमा को इस साल की सौ सबसे प्रभावशाली औरतों में शुमार किया है।

**प्रस्तुति चंद्रकांत सिंह**

# आकाश के माथे पर पहला भारतीय

पहाड़ बिन बोले खूब पुकारते हैं और उसमें भी उनकी बेमिसाल चोटियां तो दिख-दिखकर लगातार चुनौती देती हैं कि आओ, हमारे पास। बहरहाल, चोटियों की भी एक चोटी है, नेपाली जिसे सागरमाथा कहते हैं, मतलब आकाश का माथा और तिब्बती चोमोलुंगमा, मतलब ब्रह्मांड की माता। यह वही शिखर है, जहां पहुंचना तो दूर, कोई इसके बारे में ठीक से जानता तक नहीं था। लगभग दो सौ साल पहले एक ब्रिटिश सर्वेयर जनरल सर जॉर्ज एवरेस्ट ने हिमालय की चोटियों का अध्ययन किया था, तो साल 1856 में अंग्रेजों ने दुनिया की सबसे ऊंची चोटी का नाम माउंट एवरेस्ट रख दिया। बहुत लोग उस चोटी को फतह करने गए और उल्टे पांव लौट आए। कुछ ज्यादा हिम्मती थे, तो उनकी जान पर बन आई। ऊपर चढ़ते हुए ऑक्सीजन कम होने लगता था, दम फूलने लगता था। कुछ पर्वतारोही तो लौटने के काबिल ही नहीं रहते थे। दुर्गम पर्वतों पर चढ़ना जितना मुश्किल था, उतरना उससे भी मुश्किल। पर्वतों पर ढंग से चढ़ना और उतरना सीखने में ही इंसानों को करीब सौ साल लग गए।

खैर, साल 1964 तक पंद्रह पर्वतारोही उस सर्वोच्च चोटी को चूम चुके थे, लेकिन उनमें से कोई भारतीय नहीं था। भारतीय सेना दो बार एवरेस्ट पर पहुंचने के लिए अभियान चला चुकी थी, पर बर्फ के उस खतरनाक जंगल से बेबस लौटना पड़ा था। एवरेस्ट पर पहुंचना भारत के लिए नाक का सवाल बन गया था। क्या किसी में था इतना दमखम कि सफलता दर्ज कर पाता? सेना के एक जवान थे, जो पैराशूट पहन छलांग लगाने में जरा भी नहीं डरते थे। मन में चढ़ाई-ऊंचाई-छलांग का कोई भय न था। कोई आश्चर्य नहीं, एवरेस्ट फतह के लिए उन्हें ही सबसे पहले चुना गया। 20 मई, 1965, वह दिन आया, जब भारतीय सेना का तीसरा अभियान रंग लाया। पृथ्वी के सबसे ऊंचे स्थान पर सुबह साढ़े नौ बजे एक भारतीय ने पहला कदम रखा। उस भारतीय 32 वर्षीय अवतार सिंह चीमा ने वहां तिरंगा फहराया था। इतिहास में दर्ज हो रही उनकी खुशी का ठिकाना न था। राहत का एहसास दिल में भर जा रहा था। वहां तक पहुंच गए, जहां कोई वतनवासी नहीं पहुंचा था। 29,000 फीट पर कुछ भी सोचना या महसूस करना आसान न था, लेकिन वहां भी चीमा ने अपनी मां को याद किया। अपनी मां द्वारा दिए गए चांदी के सिक्के शिखर पर बड़े प्यार से लगा दिए। उन्होंने अपने साथी पर्वतारोही शेरपा नवांग गोम्बू की ओर देखा, गोम्बू भी उतने ही भाव-विभोर थे। गोम्बू ने अपनी पत्नी द्वारा दी गई चुनरी निकाली और शिखर पर पूरे भक्ति भाव से चढ़ा दिया। पहले ही एवरेस्ट फतह कर चुके चाचा तेनजिंग नोर्गे ने भगवान बुद्ध की एक मूर्ति भेजी थी कि जब इस बार एवरेस्ट पर पहुंचो, तो बुद्ध की प्रतिमा स्थापित कर देना। प्रतिमा स्थापित हुई, तो बर्फ ने अभिषेक किया। रफ्तार से बर्फीला तूफान चल रहा था, चीमा ने शिखर से दक्षिण और पूर्व की ओर देखा, जिधर भारत था, पर बादलों ने कुछ भी देखने न दिया। उत्तर की ओर तिब्बत कुछ दिखाई पड़ रहा था। वहां से लौटने का मन नहीं कर रहा था, पर शरीर को वहां बनाए रखना मुश्किल था। चीमा ने चोटी से निशानी के रूप में पत्थर के कुछ टुकड़े जेबों में भर लिए थे। तीस मिनट देखते-देखते बीत गए थे, फिर उतरना शुरू हुआ। लगता था, ठंड से शरीर जम जाएगा। कई जगह रेंगना पड़ रहा था। मन में एवरेस्ट की यादें थीं और नीचे साथियों तक यह खबर पहुंचाने की बेसब्री भी कि एक भारतीय ने एवरेस्ट फतह कर लिया है। खैर, दिन में एक बजे तक खबर काठमांडू और नई दिल्ली तक पहुंच गई थी। चीमा की कामयाबी से पूरी टीम में जोश आ गया था, उसके बाद उस अभियान के सात अन्य साथियों ने जोड़ी बनाकर बारी-बारी एवरेस्ट को छुआ। वहां एक पर्वतारोही ने भगवान कृष्ण की मूर्ति भी स्थापित की थी।

चीमा और उनके साथियों को हिमालय से नीचे उतरकर ही पता चला कि उन्होंने किन खास लम्हों को साकार कर दिखाया है। पूरे देश में खुशी की लहर थी। भारतीय अभियान के तहत नौ पर्वतारोही शिखर पर पहुंचे थे, एक विश्व रिकॉर्ड बना था, जो आगे 17 वर्ष तक कायम रहा। स्वागत में लोग सड़कों पर नाच रहे थे। सारे प्रोटोकॉल तोड़ते हुए प्रधानमंत्री ने हवाई अड्डे पर स्वागत समारोह का नेतृत्व किया था। प्रधानमंत्री ने 1965 की इस सफलता को स्वतंत्रता के बाद भारत की छह प्रमुख उपलब्धियों में शुमार किया था। इस बेहद सफल भारतीय पर्वतारोहण अभियान के बाद दुनिया भर के पर्वतारोहियों का मनोबल बढ़ा था। आज जब 11 दिसंबर को दुनिया में कहीं भी विश्व पर्वत दिवस मनाया जाता है, तब भारतीय पर्वतारोही अवतार सिंह चीमा को जरूर याद किया जाता है।

**प्रस्तुति ज्ञानेश उपाध्याय**

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे:- 9827806026, 7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बैंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)




श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़






# एमजे स्कूल के मॉम एंड किड्स शो में शामिल हुई मिस छत्तीसगढ़ यशस्विनी

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। एमजे स्कूल, न्यू आर्य नगर कोहका में शनिवार की शाम 'मॉम एंड किड्स' को समर्पित रहा। हाल ही में मिस छत्तीसगढ़ चुनी गई भिलाई की बेटी यशस्विनी रेड्डी की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि के रूप में रूंगटा कालेज रायपुर की एचओडी बायोटेक डॉ सजल देव, श्रीमती नीलिमा नंदनवार एवं एमजे समूह की निदेशक डॉ श्रीलेखा विरुलकर उपस्थित थीं। इस धमाकेदार शो में 75 से अधिक माताओं ने अपने बच्चों के साथ फॉल विंटर की धुन पर रैम्प वॉक किया।

## फॉल विंटर की धुन पर किया रैम्प वॉक



भारतीय परिधानों के थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम में अधिकांश महिलाओं ने साड़ी और लहंगे को ही चुना। शेरवानी, कुर्ता पायजामा पहने बालक और मां के साथ मैच करते परिधान में बालिकाओं ने समा बांध दिया। पहली बार रैम्प पर आई इन जोडियों ने एक दूसरे के प्रति समर्पण का भाव प्रस्तुत कर अतिथियों और निर्णायकों को भावुक कर दिया। वे एक दूसरे का पूरक बने रहे। एक बच्चे ने जहां मंच पर ही कलाबाजियां लगाकर रैम्प वॉक को तड़का लगाया वहीं एक बच्ची ने अपनी अस्पष्ट बोली में माइक संभाला। निर्णायकों के सवालों का जवाब देते हुए माताओं ने परिवार का साथ और बच्चों को जीवन की सबसे बड़ी खुशी बताया।

इस शो का आयोजन तीन चरणों में किया गया था। पहले चरण में जहां रैम्प वॉक का आयोजन किया गया वहीं दूसरे राउंड में माता एवं संतान के लिए रोचक खेलों का आयोजन किया गया। इसमें आंखों पर पट्टी बांधकर बच्चों ने अपनी मां को पहचानने की कोशिश की। तीसरा एवं अंतिम चक्र प्रश्नोत्तरी का था जिसमें भावुक कर देने वाले जवाब भी सामने आए। प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार डॉ विभा को प्रदान किया गया। द्वितीय पुरस्कार श्रीमती मिथिलेश्वरी एवं उनकी बेटी तथा तृतीय पुरस्कार श्रीमती रश्मि मोहता एवं उनकी बेटी को दिया गया। इसमें क्राउन, मोमेन्टो एवं नगद पुरस्कार शामिल था। इस बीच आयोजित गेम्स के पुरस्कार अलग से प्रदान किये गये। सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान किये गये। चार सदस्यीय निर्णायक मंडल में आईएनआईएफ्डी की संचालक श्रीमती टीना खण्डेलवाल, डायरेक्टर मोनिका पारख, फैशन डिजाइनर एवं एमजे कालेज की प्राध्यापक डॉ अमिता बिसारे तथा मिस छत्तीसगढ़ यशस्विनी रेड्डी शामिल थीं। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका पामेला बोस एवं एमजे कालेज के सहा. प्राध्यापक दीपक रंजन दास ने किया।

# 65 वर्षीय सेवानिवृत्त कर्मचारी गंगोत्री से जल लेकर निकले रामेश्वरम पैदल यात्रा पर



श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोंडागाव।** सेवानिवृत्त कर्मचारी मया नंद झा जो कि बिहार के मधुबनी जिला के रहने वाले है जो 10 सितंबर को भारत के एकता और अखंडता के लिए गंगोत्री से गंगा जल लेकर रामेश्वरम में चढ़ाने के लिए पैदल निकले हुए हैं। जिसे कोंडागांव रेस्ट हाउस के सामने नेशनल हाईवे में सुरेंद्र प्रसाद मिश्रा के नेतृत्व में नगर के गणमान्य नागरिक एवं कर्मचारियों में आत्माराम तलवार पंडित शैलेंद्र तिवारी ,पंडित रविशंकर मिश्रा, रामगोपाल सिंह, राम लाल देवांगनआर आई, रामचरण पांडे ,धर्मेश तिवारी, शिव कुमार तिवारी पवन झा, गोपाल दास, रूपेश झा, नितेश झा, पवन साहू, चंद्रभान श्रीवास्तव ,राम सहोदर मिश्रा ,शानू राम जैन ने उनका उत्साहवर्धन करते हुए हर हर महादेव ,हर हर महादेव के सनातन धर्म जिंदाबाद के नारे लगाते रहे। देश की खुशहाली के लिए इस प्रकार एक सेवानिवृत्त शासकीय कर्मचारी यदि पदयात्रा में निकला है तो यह गर्व की बात है। इस अवसर पर कोंडागाँव नगर में रेस्ट हाउस के सामने पुष्प हार पहना कर उनका भव्य स्वागत किया गया ।और इस तीर्थ यात्रा में कोंडागाँव नगर की ओर से उत्साहवर्धन किया गया ।और कोंडागांव नगरवासी से लेकर सेवानिवृत्त पदयात्री बहुत ही गर्व महसूस किया गया। कोंडागाँव की पावन धरती में वह यहां पर आए । यह बड़े गर्व की बात है ।यहां से रामेश्वरम के लिए अकेले पैदल ही निकल गये। उसके जज्बा और जुनून को कोंडागाँव वासी सलाम करते हैं। और ऐसे क्रांतिकारी साथी जिन्होंने देश की खुशहाली देश की समृद्धि के लिए पदयात्रा कर रहे हैं ।कोंडागांव की पावन धरती उनको नमन करती है ।

## खास खबर

### सोनिया गांधी के जन्मदिवस को मनाया गया सेवा दिवस के रूप में

**जगदलपुर।** विधायक जगदलपुर एवं संसदीय सचिव रेखचंद जैन एवं कांग्रेस नेताओं ने कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष एवं यूपीए चेयरपर्सन सोनिया गांधी जी के जन्मदिवस को सेवा दिवस के रूप में मनाते हुए महारानी अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल वितरित किया गया। इस अवसर पर विधायक जगदलपुर एवं संसदीय सचिव रेखचंद जैन के साथ नगर निगम की सभापति कविता साहू , वरिष्ठ पार्षद एवं एम आई सी सदस्य विक्रम सिंह डांगी, पार्षद कमलेश पाठक, सूर्या पाणी, यशवंत ध्रुव, वरिष्ठ नेता रामभवन कुशवाहा शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री गौरनाथ नाग, विधि विभाग के जिलाध्यक्ष अवधेश झा, युवा कांग्रेस की उपाध्यक्ष सायमा अशरफ एस नीला, युवा नेता अल्ताफ खान, युवा नेता सोनारू नाग, मानसिंह ठाकुर ,रिका कर्मा , राजकुमार सेठिया समेत नेता कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### गेड़ी-बॉल खेल के प्रचार प्रसार के लिए खेल अधिकारियों की संभाग स्तरीय बैठक सम्पन्न

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ गेड़ी-बॉल एशोसिएसन के तत्वाधान में बस्तर संभाग के सातो जिलों के खेल अधिकारियों एवं पीटीआई की अह्म बैठक जगदलपुर में सम्पन्न हुई। उक्त बैठक में खेल से सम्बधित नियमों, दिशानिदेशों, तकनीकि एवं पेशेवराना पहलुओं पर व्यापक चर्चा की गई, ब्लॉक स्तर पर गेड़ी-बॉल टीम बनाकर इस खेल का प्रसार किया जायेगा। अगामी माह राज्य स्तरीय गेड़ी-बॉल प्रतियोगिता हेतु प्रत्येक जिले से एक टीम भेजा जाना सूनिश्चत किया गया। गेड़ी बॉल क्या है? आइये इसे समझते है- एशोसिएसन से जुड़े शेख इमरान उल्लाह ने चर्चा में बताया कि छत्तीसगढ़ी कला, परम्परा एवं संस्कृति की पहचान गेड़ी एवं दुनिया के सबसे लोकप्रिय खेल फूटबॉल को मिलाकर इस नये खेल का अविस्कार किया गया है।

राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके बालोद के राजाराव पठार में आयोजित भव्य वीर मेला मे हुई शामिल

# शहीद वीर नारायण सिंह की भव्य प्रतिमा का किया अनावरण

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके आज छत्तीसगढ़ के महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी तथा जनजातीय नायक शहीद वीर नारायण सिंह के शहादत दिवस के अवसर पर बालोद जिले के राजाराव पठार में आयोजित वीरमेला कार्यक्रम में शामिल हुईं। इस अवसर पर राज्यपाल ने शहीद वीर नारायण सिंह के प्रतिमा का अनावरण किया एवं उन्हें नमन करते हुए, श्रद्धांजलि अर्पित की।



राज्यपाल ने राजाराव पठार में आयोजित वीर मेला के अंतिम दिन के कार्यक्रम में शामिल होकर, कार्यक्रम की भूरी-भूरी सराहना की। उन्होंने वीर मेला के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे अनुपम एवं अद्वितीय बताया। साथ ही वीर मेला आयोजन समिति को इस पुनीत कार्य के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं भी दीं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन से वीर नारायण सिंह के योगदान व बलिदान को सम्मान मिलता है एवं उनके कृतित्व से जनमानस को अवगत होने का अवसर प्राप्त होता है। राज्यपाल ने कहा कि यह हमारे लिए अत्यंत गर्व का विषय है कि शहीद वीर नारायण सिंह का जन्म छत्तीसगढ़ की मिट्टी में हुआ। उनके बलिदान को यह मिट्टी कभी नहीं भूल पायेगी। उन्होंने कहा कि वे एक ऐसे योद्धा थे जिन्होंने अंग्रेजी हुकुमत के सामने घुटने नहीं टेके और अपने देश, समाज और लोगों के लिए आखिरी सांस तक लड़ाई लड़ी। वे लोगों के प्रिय थे एवं उनके सुख-दुख में सदैव शामिल रहते थे। साथ ही उनके समस्याओं का निराकरण करने के लिए सदैव तत्पर रहते थे। शहीद वीर नारायण सिंह जी के बलिदान एवं उनके योगदान का स्मरण करते हुए उसे अतुलनीय बताया। राज्यपाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ के स्वाधीनता संग्राम का इतिहास जनजातीय नायको एवं वीर पुरुषों के बलिदानो से भरा पड़ा है। सुश्री उइके ने शहीद वीर नारायण सहित आदिवासी समाज के सभी महापुरुषों का पुण्य स्मरण करते हुए उन्हे सादर नमन किया और कहा कि इन जनजातीय नायकों ने शोषण एवं गुलामी से लोगों को मुक्ति दिलाया। इन जनजातिय नायकों के नेतृत्व में ही जनजातिय समाज एकत्र हुआ और ब्रिटिश शासन के काले कानूनों के विरूद्ध अपनी आवाज बुलंद की।

राज्यपाल ने उनके द्वारा जनजाति समाज के हितों के संरक्षण हेतु किये गए प्रयासों की जानकारी देते हुए कहा कि समस्त जनजातिय समाज को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक एवं एकजुट रहने की आवश्यकता है ।तभी समाज किसी भी प्रकार के शोषण से मुक्त होकर विकास की मुख्य धारा में शामिल हो सकते हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि वीर नारायण सिंह और उनके जैसे अनेक महान क्रांतिकारियों के योगदान से ही आज हम सब आजादी की खुली हवा में सांस ले पा रहे हैं। हमें उनके विचारों से प्रेरणा लेकर देश की एकता, अखण्डता को अक्षुण्ण रखते हुए, विकास पथ पर अग्रसर होने का संकल्प लेना होगा, तभी हमारा देश विकास की दिशा में अग्रसर हो पायेगा। राज्यपाल ने कार्यक्रम स्थल में सर्वप्रथम देव स्थल पहुंचकर पूजा अर्चना की। यहां पहुंचने पर आदिवासी कलाकारों ने परम्परागत आदिवासी नृत्यों एवं वाद्य यंत्रो के साथ राज्यपाल का भव्य तथा आत्मीय स्वागत किया । इस अवसर पर राज्यपाल ने गोंड समाज युवक-युवती परिचय सम्मेलन पुस्तक का भी विमोचन किया। वीर मेला कार्यक्रम को पूर्व केंद्रीय मंत्री अरविन्द नेताम ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद मोहन मंडावी, अनुचित जनजाति आयोग के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष नंदकुमार साय, कलेक्टर कुलदीप शर्मा, पुलिस अधीक्षक जीतेन्द्र कुमार यादव, अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या मे आदिवासी समाज के लोग उपस्थित थे।

# संसदीय सचिव ने स्टेशनरी बैंक का किया उद्घाटन

श्रीकंचनपथ न्यूज

सूरजपुर। प्राथमिक शाला बरपारा में विद्यालय परिवार शाला प्रबंधन समिति एवं ग्राम के जागरूक पालको द्वारा ऐसे बच्चे जो शाला समय अवधि में पेन कापी पेंसिल रबड़ इत्यादि किसी कारणवश नहीं लेकर आ पाते हैं तथा ऐसे बच्चे जो उक्त सामग्रियों को खरीदने में असमर्थ होते हैं उनके लिए विद्यालय में इससे स्टेशनरी बैंक का शुरुआत किया गया ।

इस बैंक का उद्घाटन संसदीय सचिव पारसनाथ राजवाड़े के द्वारा किया गया। इस अवसर पर सूरज गुप्ता अध्यक्ष नगर पंचायत भटगांव लालजी राजवाड़े, कन्नी लाल, बजरंगी सिंह, हरि राजवाड़े, राजकुमार सिंह, हुलास राजवाड़े शाला प्रबंधन समिति के सदस्य उपस्थित थे। सभी ने विद्यालय के इस पहल का सराहना किया तथा भविष्य में इसका संचालन सतत एवं निरंतर होता रहे इसके लिए सभी ने अपना सहयोग प्रदान करने की सहमति दी। तथा प्रत्येक शनिवार को बैग लेस डे के अंतर्गत विद्यालय में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम स्थान रानू राजवाड़े द्वितीय स्थान पुष्प लता एवं तृतीय स्थान खुशबू रही। सभी बच्चों को संसदीय सचिव राजवाड़े द्वारा पुरस्कृत किया गया।

इस कार्यक्रम को दिशा एवं मार्गदर्शन देने में विद्यालय के प्रधान पाठक दिनेश कुमार साहू, रवि कण अकेला , फुल केरिया किस्पोट्टा , राम निहोर यादव, एवं माध्यमिक शाला बरपारा के प्रधान पाठक एल पी सिंह, पूनम सिंह, इसरत निशा,संकुल समन्वयक चंद्रप्रकाश कुजूर का रहा।




छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश के सीमावर्ती वन अधिकारियों की संयुक्त बैठक

# वन्यप्राणियों की सुरक्षा पर हुई विस्तृत चर्चा

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** ''मानव-वन्यजीव द्वंद एवं वन्यप्राणी अपराध नियंत्रण विषय पर'' छत्तीसगढ एवं मध्यप्रदेश के सीमावर्ती वन अधिकारियों की संयुक्त बैठक 09 दिसंबर भोरमदेव अभ्यारण्य चिल्फी परिक्षेत्र के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग के विश्राम भवन चिल्फी में आयोजित की गई। बैठक में अधिकारियों द्वारा छत्तीसगढ एवं मध्यप्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्रों में विचरण कर रहे हाथी, शेर और अन्य वन्यप्राणियों की निगरानी, सुरक्षा, मानव-वन्यप्राणी द्वंद, वन्यप्राणी शिकार की रोकथाम, वन अपराध पर नियंत्रण आदि बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा की गयी।

वनमण्डलाधिकारी कवर्धा श्री चूड़ामणि सिंह ने सर्वप्रथम उपेन्द्र दुबे, डब्लूडब्लूएफइंडिया के द्वारा पावर प्वाईट प्रस्तुतीकरण के माध्यम से अचानकमार टायगर रिजर्व, फेन अभ्यारण्य, कान्हा टायगर रिजर्व मध्यप्रदेश और भोरमदेव अभ्यारण्य के कोरीडोर में विचरण कर रहे शेर-हाथियों की गतिविधियों पर जानकारी दी। मुख्य वन संरक्षक बी.पी.सिंह द्वारा वन्यप्राणी टकराव एवं प्राकृतिक रहवास के संबंध में जानकारी दी। संचालक कान्हा टायगर रिजर्व क्षेत्र मध्य प्रदेश एस.के.सिंह द्वारा कान्हा टायगर रिजर्व, फेन वन्यप्राणी अभ्यारण्य, भोरमदेव अभ्यारण्य अचानकमार टायगर रिजर्व, खैरागढ़, राजनांदगांव, कवर्धा एवं डिंडौरी वनमंडल के लगभग 250 सीमावर्ती ग्रामों में वन्यप्राणियों अपराध पर नियंत्रण पर चर्चा और सुझाव दिए। वन्यप्राणियों से आमजनों को क्षति न हो इस संबंध में वन्यप्राणियों की सतत् निगरानी, सुरक्षा के उपायों एवं आमजनो को जागरूक करने प्रचार-प्रसार आदि पर चर्चा की गई।

गौरतलब है कि गौरेला-पेण्ड्रा मरवाही से अचानकमार टायगर रिजर्व-पंडरिया-तरेगांव-फेन अभ्यारण्य की तरफहोते हुए कान्हा टायगर रिजर्व से वापस उसी रूट पर विचरण करते रहते हैं, जिससे आस-पास के गांव में जनहानि-पशुहानि की संभावना बनी रहती है। हाथी-मानव द्वंद को नियंत्रित एवं कम करने के संबंध में जागरूकता के विषय पर तथा छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश के अधिकारियों के बीच समय पर सूचनाओं के आदान-प्रदान करने पर चर्चा की गई।






## खास खबर...

### केटीयू के छात्रों ने किया नुक्कड़ नाटक, ग्राम डोमा से टीबी जागरूकता अभियान की शुरुआत

**रायपुर (ए)।** आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय के रेडियो संवाद 90.8 FM के तत्वाधान में टीबी के प्रति जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस कड़ी में ग्राम पंचायत डोमा में रेडियो संवाद द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें आउटरीच, नेरोकास्टिंग के अलावा नुक्कड़ नाटक के द्वारा टीबी जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जागरूकता के साथ लोगों में घरेलू हिंसा व लैंगिक भेदभाव के प्रति जागरूकता फैलाया गया। कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि लोगों में टीबी बीमारी के किस तरह के लक्षण हो सकते हैं व उसके उपचार के लिए किस प्रकार के उपाय किए जाने चाहिए।

टीबी के प्रति जानकारी देते हुए आर जे बॉबी राजपूत ने बताया कि टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत 2025 तक देश से टीबी को समाप्त करना है। टीबी एक संक्रामक बीमारी है। एक सप्ताह से अधिक खांसी और बलगम आने पर तत्काल टीबी की जांच कराई जाना चाहिए। सुप्रिया कुमारी ने कहा की टीबी का इलाज आसान और मुफ्त है। नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र जिला टीबी अस्पताल पहुंचकर टीबी की मुफ्त जांच एवं इलाज कराया जा सकता है। इस दौरान सर्वे फॉर्म के माध्यम से टीबी के संबंध में ग्रामीणों की स्थिति के आंकड़े भी एकत्रित किये गए। ग्राम डोमा में हिंसा के प्रति जागरूकता के सम्बंध में ज्योति साहू ने विभिन्न पहलुओं को बारीकी के साथ साझा किया।

### 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ व प्रज्ञा पुराण आयोजन स्थल का भूमिपूजन 12 को

**रायपुर (ए)।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज के तत्वाधान में गायत्री परिवार रायपुर द्वारा 23 से 26 दिसम्बर तक ओम सोसायटी सुन्दर नगर रायपुर में नव चेतना जागरण 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण का आयोजन किया जाएगा। इस महायज्ञ की तैयारियों के संबंध में 10 दिसम्बर को कुशालपुर स्थित गायत्री प्रज्ञा पीठ में गायत्री परिजनों की बैठक आयोजित हुई। आयोजन के लिए यज्ञ स्थल का भूमिपूजन 12 दिसम्बर को दोपहर 3 बजे रायपुर दक्षिण के विधायक बृजमोहन अग्रवाल, छ.ग. योग आयोग के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा, स्थानीय पार्षद उत्तम साहू, मृत्युंजय दुबे, मन्नू यदु, रजत ध्रुव, गायत्री परिवार छ.ग. की जोन समन्वयक आदर्श वर्मा, उपजोन समन्वयक रायपुर सी.पी. साहू, जिला समन्वयक लच्छूराम निषाद, कार्यक्रम संयोजक उर्मिला नेताम, एवं कुशालपुर प्रज्ञापीठ के सदस्यगण के.एस. पैकरा, टीआर साहू, आर.एस राय, पूर्णिमा कश्यप व क्षेत्रीय गायत्री परिजनों की उपस्थिति में किया जायेगा।24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ की संयोजक उर्मिला नेताम ने बताया कि 23 दिसम्बर को प्रात: 10 बजे भव्य मंगल कलश शोभायात्रा से कार्यक्रम प्रारंभ होगा एवं 26 दिसम्बर को 01 बजे पूर्णाहुति एवं परम वंदनिया माताजी के जन्म शताब्दी कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु संकल्प के साथ शांतिकुंज हरिद्वार से पहुंचे ऋषिपुत्रों की विदाई होगी। इस यज्ञ आयोजन में सभी संस्कार नि:शुल्क करवाए जाएंगे, जिसके लिये पूर्व पंजीयन आवश्यक है। उन्होने सभी से यज्ञ में सपरिवार ईष्ट मित्रों सहित आने व इस पावन पुनीत आयोजन को सफल बनाने के लिये सभी की सहभागीता का निवेदन किया है।

शहीद वीर नारायण सिंह बलिदान दिवस पर प्रयास के प्रतिभाशाली विद्यार्थी सम्मानित

# प्रयास के विद्यार्थियों ने देश के सर्वोच्च संस्थानों में प्रवेश पाकर छत्तीसगढ़ का मान बढ़ाया: मंत्री डॉ. टेकाम

**58 विद्यार्थियों को लैपटॉप के लिए 50-50 हजार रूपए की राशि का चेक, 72.83 करोड़ रूपए के विकास कार्यों का लोकार्पण-भूमिपूजन**

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने शहीद वीर नारायण सिंह बलिदान दिवस के अवसर पर रायपुर के नवीन विश्राम गृह परिसर में आयोजित स्वर्गीय राजीव गांधी स्मृति प्रयास आवासीय विद्यालयों के प्रतिभाशाली 58 विद्यार्थियों को सम्मानित किया। प्रयास आवासीय विद्यालय के यह प्रतिभावान विद्यार्थी वर्ष 2021-22 की राष्ट्रीय स्तर की जेईई, नीट और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होकर राष्ट्रीय स्तर की संस्थाओं में अध्ययन कर रहे हैं।



मंत्री डॉ. टेकाम ने इस अवसर पर आईआईटी, एनआईटी, ट्रीपल आईटी और मेडिकल में प्रवेश लेने वाले प्रत्येक विद्यार्थियों को लैपटॉप के लिए 50-50 हजार रूपए की राशि का चेक प्रदान कर सम्मानित किया। अतिथियों द्वारा सम्मान समारोह में वर्ष 2021-22 में प्रयास आवासीय विद्यालय की उपलब्धि पर आधारित पुस्तिका का विमोचन भी किया।

मंत्री डॉ. टेकाम ने इस अवसर पर राज्य की विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं के अधोसंरचना निर्माण के लिए 72 करोड़ 83 लाख 73 हजार रूपए की लागत वाले 32 निर्माण कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया। इसमें 67 करोड़ 86 लाख 28 हजार रूपए के 29 विकास कार्यों का भूमिपूजन और 04 करोड़ 97 लाख 45 हजार रूपए के तीन विकास कार्यों का लोकार्पण शामिल है।

प्रतिभा सम्मान समारोह का शुभारंभ अतिथियों द्वारा शहीद वीर नारायण सिंह के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। प्रयास आवासीय विद्यालय की उपलब्धियों पर आधारित लघु फिल्म का अवलोकन अतिथियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर आईआईटी धनबाद में अध्ययनरत छात्रा कु. मेरिना स्मृति मिंज और आईआईटी रायपुर में अध्ययनरत छात्र मुरली मनोहर वर्मा ने अपने अनुभव भी साझा किए।

मंत्री डॉ. टेकाम ने समारोह में सम्मानित होने वाले सभी विद्यार्थियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रतिभावान बच्चों को आज उनके परिश्रम का इनाम मिल रहा है, जो बच्चे आज यहां जगह नहीं बना पाए है उन्हें इनसे सीखने की जरूरत है। चुनौती कोई भी हो प्रयास करने से उसे दूर किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि जनजाति क्षेत्रों के विद्यार्थियों ने देश के सर्वोच्च संस्थानों में प्रवेश पाकर राज्य एवं जनजाति का मान बढ़ाया है। बच्चों की मेहनत, अभिभावकों का सहयोग और शिक्षकों के मार्गदर्शन को सराहने का अवसर है। प्रतिभाओं को सम्मानित करने से उनमें नई ऊर्जा का संचार होता है, साथ ही आने वाली पीढ़ी को प्रेरणा मिलती है। इस प्रकार के आयोजन से प्रतिस्पर्धा बढ़ती है और प्रतिभा निखर कर सामने आती है।

मंत्री डॉ. टेकाम ने कहा कि प्रयास आवासीय विद्यालय राज्य के संपूर्ण अनुसूचित क्षेत्र सहित गैर-अनुसूचित क्षेत्र में स्थित नक्सल प्रभावित जिलों के आदिवासी उप-योजना क्षेत्र के प्रतिभावान विद्यार्थियों को प्रारंभ से प्रतियोगी परीक्षाओं की दृष्टिकोण से तैयार करता है, जिससे वे विभिन्न राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर की प्रतिष्ठापूर्ण संस्थाओं में प्रवेश पाना योग्य बन सके। उन्होंने बताया कि वर्ष 2021-22 में अब तक प्रयास विद्यालय से 107 आईआईटी, 305 एनआईटी, 916 विद्यार्थी विभिन्न इंजीनियरिंग कॉलेजों में और 47 विद्यार्थियों ने मेडिकल कॉलेज में प्रवेश प्राप्त का रिकॉर्ड बनाया है। वर्ष 2021-22 में प्रयास आवासीय विद्यालयों ने आईआईटी में 10, एनआईटी में 36, ट्रीपल आईटी में 08, मेडिकल कॉलेज में 04 विद्यार्थियों ने और विभिन्न राज्य स्तरीय परीक्षाओं को मिलाकर कुल 451 विद्यार्थियों ने व्यावसायिक शैक्षणिक संस्थाओं में प्रवेश प्राप्त किया है।

समारोह को अध्यक्ष अनुसूचित आयोग के.पी. खाण्डे, उपाध्यक्ष राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग आर.एन. वर्मा, उपाध्यक्ष अनुसूचित जनजाति आयोग सुश्री राजकुमारी ने भी संबोधित किया। आयुक्त आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास शम्मी आबिदी प्रयास आवासीय विद्यालय योजना का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

नगरीय प्रशासन मंत्री ने दी करोड़ो की सौगात

# सामुदायिक भवन, रंगमंच, पानी टंकी, महिला भवन का किया लोकार्पण एवं भूमि पूजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** नगरीय प्रशासन एवं विकास तथा श्रम मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने रायपुर जिले के आरंग ब्लॉक के ग्राम संडी एवं कुकरा में करीब एक करोड़ 69 लाख रूपए के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया। डॉ. डहरिया ने ग्राम कुकरा में 05 लाख रुपए की लागत के सामुदायिक भवन, रंगमंच लागत 03 लाख और 14 लाख 50 हजार रूपये की लागत से वन महिला भवन का लोकार्पण किया। ग्राम संडी में 05 लाख रुपए की लागत से बने सामुदायिक भवन, पंचायत भवन उन्नयन का लोकार्पण और नल जल योजना के तहत एक करोड़ 51 लाख रुपए की लागत से बनने वाली पानी की टंकी निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया।



नगरीय प्रशासन मंत्री ने लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये कहा कि प्रदेश में लोगों की खुशहाली के सभी जरूरी कार्य किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देशन में किसानों, अनुसूचित जाति, जन जाति, पिछड़ा वर्ग महिलाओं एवं बच्चों सहित समाज के सभी वर्गों की खुशहाली के लिए कार्य किये जा रहे हैं। किसानों को राजीव गांधी किसान न्याय योजना, राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के तहत खेतिहर मजदूरों और भूमिहीन परम्परागत कार्य करने वाले लोगों को लाभांवित किया जा रहा है। प्रदेश में किसानों को धान का समर्थन मूल्य पर खरीदी से किसानों की आर्थिक फायदा हो रहा है, जिससे प्रदेश में चारों ओर खुशहाली है। किसान बाजार में अपनी जरूरत का सामान खरीद रहे हैं, जिससे बाजार में व्यवसायियों के चेहरे पर रौनक है। वनांचलों में वनोपजों को समर्थन मूल्य पर खरीदा जा रहा है, इसमें वनवासी भाई भी आर्थिक तरक्की कर रहे हैं। अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग, श्रमिकों एवं अन्य कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति एवं पढ़ने-लिखने के लिए सहायता प्रदान की जा रही हैं। लोकार्पण एवं भूमि पूजन कार्यक्रम में जिला पंचायत रायपुर की सभापति अनिता थानसिंह साहू, जनपद अध्यक्ष आरंग खिलेश देवांगन, कोमल साहू, टिकेश्वरी साहू, सुकुलराम साहू एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।

# मंत्री उमेश पटेल ने सोनाखान पहुंचकर शहीद वीर नारायण सिंह को दी श्रद्धांजलि



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** उच्च शिक्षा मंत्री एवं बलौदाबाजार-भाटापारा जिलें के प्रभारी मंत्री उमेश पटेल ने छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतन्त्रता सेनानी शहीद वीर नारायण सिंह के शहादत दिवस पर सोनाखान पहुंचकर शहीद स्मारक पर श्रद्धासुमन अर्पितकर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने स्मृति स्थल पर स्थापित शहीद वीर नारायण सिंह के आदम कद प्रतिमा पर माल्यापर्ण किया। इस अवसर पर संसदीय सचिव एवं विधायक चंद्रदेव राय, सुश्री शकुंतला साहू, कृषक कल्याण परिषद के अध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा, अध्यक्ष जीव जंतु कल्याण बोर्ड विद्याभूषण शुक्ल, सदस्य अनुसूचित जनजाति आयोग गणेश ध्रुव, अध्यक्ष रजक कल्याण बोर्ड लोकेश कन्नौजे, कलेक्टर रजत बंसल, एएसपी दीपक झा, स्थानीय जनप्रतिनिधि, स्थानीय प्रशासन के अधिकारी और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ महतारी के सच्चे सपूत शहीद वीर नारायण सिंह अंग्रेजों से लोहा लेते हुये 10 दिसम्बर 1857 को वीरगति को प्राप्त हुए थे। उन्हें 1857 के क्रांति में छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी होने का गौरव प्राप्त है। सोनाखान शहीद वीर नारायण सिंह की जन्मभूमि एवं कर्मभूमि है। राज्य सरकार सोनाखान को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने लिए प्रतिबद्ध है। इसी के तहत यहां पर चरणबद्ध विकास कार्यों को लगातार मंजूरी दी जा रही है।

### अनुकंपा नियुक्ति की मांग लेकर धरने में बैठी 4 महिलाओं की बिगड़ी तबियत

**रायपुर (ए)।** दिवंगत पंचायत शिक्षकों के परिजन अनुकंपा नियुक्ति की मांग को लेकर रायपुर के बूढ़ा तालाब स्थित धरना स्थल पर पिछले कई दिनों से संघर्ष कर रही हैं। इस दौरान शनिवार को धरने पर बैठी 4 महिलाओं की तबियत अचानक बिगड़ गई। 108 एम्बुलेंस के माध्यम से उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया।



मिली जानकारी के अनुसार विधवा महिलाओं में से शांति साहू, प्रमिला बघेल और संजना यादव, निर्मला नायक की तबियत ज्यादा ख़राब है। जिन्हे एम्बुलेंस की सहायत से उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया।

ज्ञात हो की अनुकम्पा नियुक्ति की मांग को लेकर 53 वें दिन अनशन 49 दिन के साथ ही लगातार भूख हड़ताल पर हैं। अनुकम्पा नियुक्ति की मांग को लेकर बूढ़ा तालाब धरना स्थल पर धरना प्रदर्शन कर रहें हैं इस प्रदर्शन में ज्यादातर महिलाएं हैं।

# छत्तीसगढ़ रीजनल साईंस सेन्टर में आगन्तुकों की उमड़ी भीड़

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ रीजनल साईस सेन्टर रायपुर में 10 दिसंबर को हजारों लोगों की भीड़ उमड़ी। इस दिन के सुहावने मौसम में कवर्धा जैसे दूर-दराज स्थानों में से छात्र-छात्राओं द्वारा सेन्टर का भ्रमण किया गया। एक ही दिन का आगंतुक आंकड़ा 1000 से अधिक हो गया। दिसम्बर माह के 10 दिनों में 23 विद्यालयों से 2000 से अधिक छात्रों सहित प्रयास और एकलव्य विद्यालयों से विभिन्न जनजातियों के विद्यार्थियों के साथ विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा के छात्रों द्वारा भी रायपुर के छत्तीसगढ़ रीजनल साइंस सेन्टर का भ्रमण किया गया।



छत्तीसगढ़ रीजनल साईस सेन्टर में कई आकर्षक गतिविधियाँ जैसे 3-डी शो, तारामण्डल लगातार आगंतुकों को आकर्षित करता है। साथ ही 3 डी शो में दिखाई जाने वाली नासा पर आधारित 3 डी फिल्म एवं तारामण्डल में दिखाया जाने वाला रात्रिकालीन आकाश के साथ विज्ञान के प्रदर्शों से सुसज्जित विशालकाय हरा-भरा साईंस पार्क भी आगंतुकों की भीड़ को परिसर में आने के लिए आकर्षित करता है। साथ ही साईंस सेन्टर में प्रत्येक शनिवार को विभिन्न दीर्घाओं पर आधारित साईंस क्विज भी आज विभिन्न विद्यालयों से आए विद्यार्थियों के लिए बहुत ही आकर्षण का केन्द्र रहा है।

10 दिसम्बर अंतर्राष्ट्रीय मानव दिवस होने के उपलक्ष्य पर वैज्ञानिक एवं इंजीनियर डॉ. शिरिष कुमार सिंह, वैज्ञानिक अमित कुमार मेश्राम द्वारा विभिन्न स्कूलों से आए विद्यार्थियों को एक जागरूकता व्याख्यान दिया गया। व्याख्यान में मानव अधिकार एवं विज्ञान के बीच संबंध केन्द्रित करने और उन तरीकों का विश्लेषण करने जिसमें विज्ञान के क्षेत्र में किए जाने वाले अनुसंधान में आम जनमानस के अधिकार जैसा कि- International Covenant on Economic and Cultural Rights (ICESCR) द्वारा व्यक्त किया गया है कि वैज्ञानिक प्रयास के लिए महत्वपूर्ण निहितार्थ है कि इसमें शिक्षा, वित्त पोषण और सहकर्मी समीक्षा शामिल हो। साथ ही साथ वैज्ञानिक जानकारी तथा उत्पादों का आम जनमानस तक पहुंच हो। व्याख्यान के दौरान प्रज्ञा कदम, वैज्ञानिक अधिकारी, वरूण कुमार मिश्रा, सुश्री तारिणी वर्मा, सुश्री श्रेया मिश्रा, सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















# ऊनी कपड़ों की ऐसे करें देखभाल बरकरार रहेगी चमक

सर्दियां आ चुकी हैं और ठंड से बचने के लिए आपने ऊनी कपड़े पहनना शुरू कर दिया होगा। आम या गर्मी के कपड़ों की तुलना में गरम और ऊनी कपड़ों को खास देखभाल की जरूरत होती है। ऐसा नहीं करने पर ऊनी कपड़े जल्दी खराब हो जाते हैं और उनकी चमक भी फीकी हो जाती है। आइए आज सर्दियों में ऊनी कपड़ों की अच्छे से देखभाल करने के लिए पांच आसान टिप्स जानते हैं।



## हाथ से धोने की करें कोशिश

ऊन आमतौर पर गंध-प्रतिरोधी, क्रीज-प्रतिरोधी और दाग-प्रतिरोधी होती है, इसलिए ऊनी कपड़ों को कम धोना चाहिए। इसके अलावा जब भी आप इन कपड़ों को धोएं, तब इन्हें वॉशिंग मशीन की बजाय अपने हाथों से ही धोएं। इन्हें धोने के लिए विशेष रूप से सर्दियों के कपड़ों के लिए बनाए गए डिटर्जेंट का ही इस्तेमाल करें और धोने से पहले इन्हें तीन-पांच मिनट के लिए पानी में भिगो दें। याद रखें कि इन कपड़ों को ठंडे पानी से ही धोना है।

## ऊनी कपड़ों को लटकाकर बिल्कुल न सुखाएं

ऊन बहुत सारा पानी सोख लेती है, इसलिए ऊनी कपड़े गीले होने पर भारी हो जाते हैं। ऐसे में अगर आप इन्हें लटका कर सुखाएंगे तो कपड़ा खिंच जाएगा और यह अपना आकार भी खो देगा। इससे बचने के लिए जरूरी है कि ऊनी कपड़ों को लटका कर सुखाने की बजाय आप इन्हें समतल सतह पर सुखाने के लिए रख दें। इसके अलावा अपने सर्दियों के कपड़ों को सुखाने के लिए सीधी धूप से दूर रखें।

## पूरी तरह सूखने पर प्रेस न करें

अगर आपके गीले ऊनी कपड़े सूख जाएं तो उन्हें प्रेस बिल्कुल भी न करें। ऐसा इसलिए क्योंकि सीधे गर्मी के संपर्क में आने से कपड़ा झुलस जाता है और फिर सिलवटे खत्म नहीं हो पाती हैं। इसके लिए आप नॉर्मल प्रेस की बजाय स्टीम प्रेस का इस्तेमाल करें और याद रखें कि हमेशा कपड़ों को अंदर वाली साइड से ही प्रेस करें। इसके अलावा सर्दियों के कपड़े प्रेस करते वक्त प्रेस को हमेशा ऊन ऑप्शन पर सेट करें।

## ऊनी कपड़ों को नमी से रखें दूर

सर्दियों में हमेशा गरम कपड़ों को नमी वाली जगहों से दूर रखने की कोशिश करें। कुछ लोग नहाते वक्त गरम कपड़ों को बाथरूम में ही छोड़ देते हैं, लेकिन इससे आपके ऊनी कपड़े जल्दी खराब हो सकते हैं, इसलिए हमेशा इन्हें सूखी जगह पर ही रखें। इसके अलावा अलमारी में गरम कपड़े रखने से पहले नीचे अखबार बिछा दें और कपड़ों को बैक्टीरिया फ्री रखने के लिए इनमें नीम की पत्ती रख दें।

## लिंट रिमूवर ब्रश का करें इस्तेमाल

सर्दियों में ऊनी कपड़ों और कोट को अच्छी स्थिति में रखने के लिए उनकी सही देखभाल करना बहुत जरूरी है, लेकिन कई बार इन कपड़ों में रोएं आ जाते हैं और धूल जम जाती है। इसके लिए आप लिंट रिमूवर ब्रश का इस्तेमाल करें। किसी भी ऊनी कपड़े या कोट को पहनने से पहले और बाद में उसे लिंट रिमूवर ब्रश से साफ करें ताकि उसकी चमक बनी रहें और वह नया दिखे।

# योगा पैंट्स को डेली वियर के तौर पर पहनने के लिए अपनाएं ये 5 तरीके



आजकल एथलेजर वियर काफी ट्रेंड में है, जिसमें स्पोर्ट्स वियर और फैशन का अच्छा संयोजन होता है। इसका मतलब है कि आप अपने योगा पैंट्स और लेगिंग्स आदि को सिर्फ एक्सरसाइज के दौरान ही नहीं, बल्कि डेली वियर के तौर पर भी पहन सकती हैं। हाल ही में क्लाउडटेलर (छ्ष्यश्चह्वस्रञ्जड्डद्बद्यशह्र) की फैशन डिजाइनर नमिता कुरापति ने बताया कि योगा पैंट्स को डेली वियर की तरह कैसे पहनना चाहिए ताकि इससे आपको स्टाइलिश लुक मिले।

## शर्ट और ब्लेजर के साथ पहनें

योगा पैंट को स्टाइलिश तरीके से स्टाइल करने के लिए महिलाएं इसे शर्ट और ब्लेजर के साथ पहन सकती हैं। इससे आपको एक फॉर्मल लुक मिलेगा, जो हर दिन ऑफिस में पहनकर जाने के लिए एकदम सही है। इसके लिए अपनी योगा पैंट को एक बटन-डाउन लॉन्ग शर्ट समेत काले रंग के ब्लेजर के साथ पहनें और अंत में स्टाइलिश लोफर्स पहनकर अपने लुक को पूरा करें।

## स्वेटर के साथ पहनें

आरामदायक और चिक विंटर लुक के लिए आप अपनी काले रंग की योगा पैंट क्रीम रंग के ओवरसाइज्ड स्वेटर के साथ पहन सकती हैं। अगर बहुत ठंड है तो कूल और ट्रेंडी लुक के लिए स्वेटर के ऊपर डेनिम जैकेट भी पहन सकते हैं। अगर आप अपने इस लुक को कलरफुल बनाना चाहते हैं तो लाल, हरे या पीले जैसे रंग के स्वेटर को भी चुन सकती हैं। ओवर-द-नी बूट्स के साथ अपने लुक को पूरा करें।

## ड्रेस के साथ स्टाइल करें

अगर आप अपने स्टाइल के साथ प्रयोग करना चाहती हैं तो योगा पैंट को एक सुंदर ए-लाइन या स्लिप ड्रेस के साथ पहनें। सर्दियों के दौरान आप योगा पैंट को ड्रेस समेत एक स्ट्रक्चर्ड ट्रेंच कोट या एक बड़े आकार के कार्डिगन के साथ भी पहन सकती हैं। आप इस लुक को न सिर्फ ऑफिस, बल्कि कैजुअल गेट-टूगेदर के दौरान भी कैरी कर सकती हैं। हील एंकल लेंथ बूट्स के साथ अपने लुक को पूरा करें।

## स्कर्ट के साथ पहनें

चिक और फैशनेबल लुक के लिए आप अपनी योगा पैंट को फ्लोई मिनी स्कर्ट के साथ भी पहन सकती हैं। आप इसे एक बेज रंग की टर्टलनेक टॉप और एक टोपी के साथ पहन सकती हैं। यह लुक शॉपिंग या डिनर डेट के लिए बेहतरीन है। वहीं, क्रॉसबॉडी बैग, न्यूड मेकअप, मिनिमल ज्वेलरी और क्लासिक स्नीकर्स के साथ अपने लुक को पूरा करें।

## बाइकर जैकेट के साथ स्टाइल करें

आप इस सर्दियें में एजी और कूल लुक के लिए योगा पैंट को काले रंग की लेदर बाइकर जैकेट के साथ पहन सकती हैं। आप जैकेट के अंदर एक आरामदायक टॉप और फुटवियर के तौर पर एंकल बूट्स पहन सकती हैं। यह लुक गेट-टूगेदर के लिए अच्छा है। वहीं, इसके साथ मेकअप को न्यूड टोन में ही रखें। इससे आपको एक अलग ही लुक मिलेगा।

# 'रेड' में अपनी त्रिपक्षीय भूमिका के बारे में स्पष्ट हैं पायल घोष

**'साथ निभाना साथिया' की अभिनेत्री पायल घोष ने अपनी आगामी फिल्म 'रेड' के बारे में बात की, जिसमें कृष्णा अभिषेक भी हैं। उन्होंने कहा, 'रेड' एक मनोवैज्ञानिक थ्रिलर है और मैं भूमिका के 3 रंग निभाती हूं: एक कॉलेज गर्ल, एक पत्नी और एक अनुरक्षक। यह वास्तव में मेरे लिए रोमांचक था। पायल ने आगे बताया कि उन्हें यह भूमिका कैसे मिली, निर्माता राजीव चौधरी ने मुझे फिल्म 'रेड' में एक भूमिका की पेशकश की और मैं वास्तव में अवाक रह गई।**



अद्भुत पटकथा सुनने के बाद, मैं वास्तव में उत्सुक थी और भूमिका के लिए हां कहा। चूंकि मेरी भूमिका मेरे द्वारा की गई भूमिकाओं से थोड़ी अलग थी, इसने मुझे दिलचस्पी दी और बाकी निश्चित रूप से इतिहास है।कृष्णा के साथ काम करने के अपने अनुभव को साझा करते हुए, पायल ने खुलासा किया, उनके साथ काम करना बहुत प्यारा था क्योंकि वह बेहद चंचल, खुशमिजाज और सहयोगी सह-कलाकार हैं।

हमारी पूरी यूनिट बहुत अच्छी थी और ऐसा कभी नहीं लगा कि मैं काम कर रही हूं। जिस तरह से फिल्म ने आकार लिया है उससे हम बहुत खुश हैं और यह बहुत ही आशाजनक लग रहा है। जिन लोगों ने पहला कट देखा है वे चकित हैं और मुझे बहुत सराहना मिल रही है। मुझे उम्मीद है कि दर्शक भी इसे पसंद करेंगे। मैं वास्तव में रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। फिल्म में शक्ति कपूर भी हैं।

# सर्दियों में अनुष्का सेन ने शेयर किया अपना विंटर लुक



महज 20 साल की उम्र में अनुष्का सेन आए दिन अपनी तस्वीरों से सोशल मीडिया पर हॉटनेस का तड़का लगाती रहती हैं। एक्ट्रेस हमेशा अपनी बोल्ड और हॉट फोटोज वीडियोज इंस्टाग्राम पर शेयर करती रहती हैं जिसमें उनका लुक देख कर फैंस उनकी तारीफ करते नहीं थकते हैं। हाल ही में उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर लेटेस्ट विंटर आउटफिट में ग्लैमरस तस्वीरें शेयर की हैं जिसमें एक्ट्रेस का लुक देख कर फैंस उनकी तारीफों के पुल बांधते नहीं थक रहे हैं। एक्ट्रेस अनुष्का सेन सोशल मीडिया सेंसेशन हैं और इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग भी काफी तगड़ी है। हाल ही में एक्ट्रेस अनुष्का सेन ने अपने लेटेस्ट विंटर लुक्स में कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में अनुष्का सेन ने ग्रे कलर की विंटर हुडी और मैचिंग के शॉर्ट्स पहने हुए है। अपने इस लुक में अनुष्का सेन काफी ग्लैमरस नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस अनुष्का सेन ने अपने इस आउटलुक को कंप्लीट करने के लिए बालों को ओपन किया हुआ है और साथ ही नो मेकअप लुक में वो बेहद खूबसूरत लग रही हैं। एक बार फिर से इन तस्वीरों में फैंस को अनुष्का सेन का स्टाइलिश और सिजलिंग अंदाज देखने को मिल रहा है। एक्ट्रेस अनुष्का सेन रियल लाइफ में भी काफी स्टाइलिश हैं और फैंस भी उनकी हर एक तस्वीरों का बेसब्री से इंतजार करते रहते हैं। अनुष्का को पिछले दिनों वेब सीरीज स्वांग में देखा गया था। इसके अलावा एक्ट्रेस कई म्यूजिक वीडियोज के लिए भी काम कर रही हैं।

# 'अवतार 3' को लेकर जेम्स कैमरून ने किया बड़ा खुलासा, आग पर आधारित होगी फिल्म



जेम्स कैमरून की सुपरहिट फिल्म 'अवतार' का सीक्वल 'अवतार: द वे ऑफ वाटर' 16 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाला है। 'अवतार: द वे ऑफ वाटर' के रिलीज से पहले निर्देशक ने लंदन में फिल्म का प्रीमियर रखा। इस दौरान जेम्स ने 'अवतार' के तीसरे पार्ट को लेकर बड़ा खुलासा किया। जेम्स ने बताया कि 'अवतार 3' की कहानी आग पर आधारित होगी। आइए जानते हैं निर्देशक ने और क्या कुछ कहा।

## अवतार 3 के बारे में ये बोले जेम्स

जेम्स कहते हैं, अवतार 3 में हम 'आग' के बारे में बहुत कुछ कहने सुनने वाले हैं। हमारी कहानी इसी क्रम में आगे बढ़ रही है। हमने वायु पर आधारित फिल्म (अवतार) बना ली। जल केंद्रित फिल्म (अवतार: द वे ऑफ वाटर) आप जल्द देखने वाले हैं और 'अवतार 3' आग पर आधारित है। फिलहाल मैं आपको इतना ही बता सकता हूं। बता दें कि यह फिल्म 2024 में रिलीज हो सकती है।

## 'अवतार' फ्रेंचाइजी की आखिरी किस्त होगी 'अवतार 3'?

स्लैश फिल्म से बातचीत के दौरान जेम्स ने कहा था, अवतार का चौथा पार्ट आएगा या नहीं, यह 'अवतार 2' के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन पर निर्भर करेगा। दरअसल, 2009 में रिलीज हुई 'अवतार' ने यूं तो सभी फिल्मों का रिकॉर्ड तोड़ दिया था, लेकिन इन 13 साल में दुनिया काफी बदल गई है। ऐसे में यदि दर्शकों को 'अवतार 2' पसंद नहीं आती है, तो मेकर्स फिल्म की कहानी को तीसरे पार्ट में ही खत्म कर देंगे।

हॉलीवुड फिल्म 'अवतार: द वे ऑफ वाटर' की एडवांस बुकिंग 22 नवंबर से देशभर में शुरू हो गई है। सैकनिल्क के डाटा के मुताबिक 'अवतार: द वे ऑफ वाटर' की भारत में तकरीबन दो लाख टिकट्स बिक गई हैं। फिल्म ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर रिलीज से पहले ही 10 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है। बता दें कि निर्देशक जेम्स की फिल्म 16 दिसंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। 'अवतार' ने 20,278 करोड़ की कमाई कर 'टाइटैनिक' (14,147 करोड़) का 12 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा था। 10 साल तक 'अवतार' का रिकॉर्ड कोई नहीं तोड़ पाया। फिर 'एवेंजर्स एंड गेम' (20,332 करोड़) के मेकर्स ने फिल्म को दो बार रिलीज कर 'अवतार' का रिकॉर्ड तोड़ दिया। साल 2020 में मेकर्स ने 'अवतार' को चीन में रिलीज किया और 89.40 करोड़ का कारोबार किया। दुनियाभर में कुल 20,368 करोड़ रुपये कलेक्शन कर 'अवतार' ने 'एवेंजर्स एंड गेम' को पछाड़ दिया।

# सर्दियों में मांसपेशियों की ऐंठन और जोड़ों के दर्द को दूर करने के उपाय


फ्लू से लेकर त्वचा के रूखेपन तक, शीतलहर का मौसम हर साल कई तरह की बीमारियों को साथ लेकर आता है और इनमें से सबसे खराब अचानक से होने वाली मांसपेशियों में ऐंठन और जोड़ों का दर्द है। अमूमन लोग इनसे राहत पाने के लिए दर्द निवारक दवाएं लेते हैं, लेकिन उनका स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। आइए आज कुछ ऐसे उपाय जानते हैं, जिन्हें अपनाकर सर्दियों में मांसपेशियों की ऐंठन और जोड़ों का दर्द दूर हो सकता है।

## रोजाना कुछ मिनट धूप में बैठें

सर्दियों में कुछ मिनट धूप में बैठने से कई तरह के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े फायदे मिल सकते हैं। खासकर, अगर आप ठंड के मौसम में जोड़ो के दर्द और मांसपेशियों की ऐंठन से सुरक्षित रहना चाहते हैं तो रोजाना 15 मिनट तक धूप में रहें। धूप शरीर से विटामिन-डी की कमी को दूर करके कैल्शियम को अवशोषित करने में मदद करता है। कैल्शियम जोड़ो का दर्द और मांसपेशियों की ऐंठन से बचाए रखने में सहायक है।

## पानी के सेवन पर दें ध्यान

सर्दियों के दौरान कई लोग पानी का सेवन करना कम कर देते हैं, लेकिन इसकी कमी शरीर को कई समस्याओं से घेर सकती है। रोजाना 8-10 गिलास पानी का सेवन करने का नियम बना लें क्योंकि इससे न सिर्फ शरीर हाइड्रेट रहेगा, बल्कि मांसपेशियों की ऐंठन और जोड़ों के दर्द से भी दूरी बनी रहती है। आप चाहें तो पानी के सेवन पर नजर रखने के लिए अपने मोबाइल में वॉटर इंटेक ऐप को भी डाउनलोड कर सकते हैं।



## एक्सरसाइज और योगासनों को रुटीन में करें शामिल

विशेषज्ञों के मुताबिक, जोड़ो के दर्द और मांसपेशियों की ऐंठन से बचे रहने के लिए वजन को नियंत्रण में रखना बहुत जरूरी है। अतिरिक्त वजन के कारण जोड़ों और मांसपेशियों पर अधिक दबाव पड़ता है, जिसके कारण दर्द की स्थिति उत्पन्न होती है। इन समस्याओं से सुरक्षित रहने के लिए रोजाना कुछ मिनट सरल एक्सरसाइज और योगासनों का अभ्यास करना सुनिश्चित करें। अगर बाहर बहुत ठंड है तो इनडोर एक्सरसाइज का विकल्प चुनें।

## इन फिटनेस गतिविधियों का भी किया जा सकता है अभ्यास

सर्दियों के दौरान मांसपेशियों की ऐंठन और जोड़ों के दर्द से बचने के लिए स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज करना काफी फायदेमंद हो सकती है। इसके अलावा, आप इन शारीरिक समस्याओं से छुटकारा पाने के लिए साइकिलिंग, जॉगिंग, दौड़ना, एरोबिक्स, स्विमिंग आदि शारीरिक गतिविधियों को भी अपने रुटीन में शामिल कर सकते हैं। ये गतिविधियां घुटनों की मांसपेशियों को मजबूत करती हैं और उन्हें लचीला बनाती हैं।

## अपनी जीवनशैली में करें कुछ बदलाव

मांसपेशियों की ऐंठन और जोड़ों के दर्द से सुरक्षित रहने के लिए जीवनशैली में कुछ बदलाव करना फायदेमंद हो सकता है। उदाहरण के लिए, गर्म पानी से नहाने से मांसपेशियों और जोड़ों को आराम मिल सकता है। इतना ही नहीं, यह स्लिप साइकिल को सुधारने में भी सहायक है, जो मांसपेशियों के दर्द को ठीक कर सकता है और ऐंठन से भी राहत दिला सकता है। कैल्शियम युक्त खाद्य पदार्थों का सेवन करें।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135, NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### नवाचारी पहल - छेरछेरा के तर्ज पर पैरादान तिहार मनाकर गौठानों में हो रहा पैरादान

**राजनांदगांव।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा जिले के विधानसभाओं में आयोजित भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के दौरान किसानों से पराली ना जलाने तथा गौठान में पशुओं के चारा व्यवस्था के लिए पैरादान करने का आव्हान किया गया था। जिसके बाद कलेक्टर डोमन सिंह के नेतृत्व में तथा जिला पंचायत सीईओ अमित कुमार के मार्गदर्शन में कृषि विभाग के मैदानी अधिकारियों ने गांव-गांव में छेरछेरा पर्व की तरह ही पैरादान तिहार का आयोजन कर जिले के सभी ग्राम पंचायतों में पैरादान करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर सिंह ने किसान से खेतों में पड़े पराली को जलाने के बजाये गौठानों में पशुओं के चारे के लिए पैरादान करने की अपील की है। छेरछेरा छत्तीसगढ़ के प्रमुख त्यौहारों में से एक त्यौहार है। इसी परम्परा के अनुसार पैरादान तिहार को उल्लास से मनाने गांव में महिला समूह की टीम कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ-साथ गाजे-बाजे और गुलाल के साथ किसानों और ग्रामीणों के घर-घर जाकर छेरछेरा-छेरछेरा गौठान पर पैरा हेरा-हेरा अपील के साथ गौठान के लिए पैरादान की मांग की जा रही है। खेत-खलिहानों में पैरादान करने के लिए किसान एवं महिलाओं में उत्साह एवं उल्लास है। पूरे गांव में त्यौहार जैसा माहौल बन रहा है।

### राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य संगीता गजभिये ने किया शालाओं का औचक निरीक्षण

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य श्रीमती संगीता गजभिये ने डोंगरगढ़ विकासखंड अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित शालाओं का आकस्मिक निरीक्षण किया। जिसमें शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मोहनपुर, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला चारभाटा, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भगवानटोला शामिल हैं। श्रीमती गजभिये ने निरीक्षण के दौरान शासन द्वारा बच्चों को उपलब्ध कराए जा रहे मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता, शिक्षकों की उपस्थिति,पर संस्था प्रभारियों से गहन समीक्षा की और निरीक्षण किया।

# मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार सड़कों के मरम्मत का कार्य लगातार जारी

- कोरिया जिले में सड़कों के संधारण का कार्य तेजी से जारी
- मझराटोला से पत्थरगंवा मार्ग बीटी पैच रिपेयर कार्य और रोड मार्किंग पूर्ण
- खरवत-जमनीपारा-चरचा सीसी सड़क निर्माण कार्य प्रगति पर

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देशानुसार राज्य में सड़कों के मरम्मत का कार्य लगातार जारी है इसी कड़ी में कोरिया कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह द्वारा स्वयं सड़क संधारण कार्यों का निरंतर निरीक्षण कर गुणवत्ता की जांच की जा रही है। कलेक्टर श्री लंगेह द्वारा लगातार मार्गों का औचक निरीक्षण भी किया जा रहा है। अमरपुर-चिरमिरी मार्ग का औचक निरीक्षण करने के पश्चात कोरिया जिले के कलेक्टर ने संधारण कार्य का बारीकी से अवलोकन करते हुए उपस्थित लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से सड़क के संबंध में जानकारी ली है। अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण विभाग ने बताया कि इस 12 किमी लंबाई की सड़क में बीटी पैच रिपेयर का काम चल रहा है जिसमें 6 किमी में पैच रिपेयर का काम पूर्ण हो चुका है। शेष पर कार्य प्रगति पर है जिसे तेजी से पूरा किया जा रहा है। श्री लंगेह ने सभी कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से समय सीमा में पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए हैं। लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता ने जानकारी देते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ रोड एंड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कार्पोरेशन के तहत गडेरीमोहल्ला-शंकरपुर-भण्डारपारा पहुंच मार्ग, जिसकी लंबाई 03 किलोमीटर है, मार्ग पर डब्ल्यूएमएम का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इसी प्रकार विकासखण्ड बैकुंठपुर अंतर्गत ही खरवत से जमनीपारा-चरचा मार्ग जिसकी लंबाई 03 किलोमीटर निर्माण है, यहां सीसी सड़क निर्माण कार्य प्रगति पर है। ग्रामीण क्षेत्रों में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनांतर्गत विकासखण्ड सोनहत के मझराटोला से पत्थरगंवा मार्ग, जिसकी लंबाई 5.80 किलोमीटर है। बीटी पैच रिपेयर कार्य और रोड मार्किंग कार्य भी पूर्ण कर लिया गया है। दिसंबर माह अंत की समय सीमा में समस्त सड़क निर्माण एजेंसियों को सड़कों के मरम्मत कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं।

शहीद वीर नारायण सिंह शहादत दिवस एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शामिल हुए मंत्री उमेश पटेल

# शहीद के वंशजों का सम्मान और इको टूरिज्म का किया शुभारंभ

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। उच्च शिक्षा मंत्री एवं बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के प्रभारी मंत्री उमेश पटेल कसडोल विकासखंड के सोनाखान में शहीद वीर नारायण सिंह की स्मृति में आयोजित शहादत दिवस एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने इस अवसर पर शहीद के परिजनों को शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया।**




मंत्री श्री पटेल ने जिला प्रशासन के विशेष सहयोग से सोनाखान के स्थानीय युवाओं द्वारा प्रारंभ किया गया इको टूरिज्म जैसे होम स्टे, कैम्पिंग, बर्ड वाचिंग, विलेज टूर साइकिलिंग, लोकल फूड, जोंक नदी में प्राचीन तरीके से सोना निकालने की जानकारी, योगा वेलनेस, हीलिंग मेडीटेशन का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए बलौदाबाजार-भाटापारा, सोनाखान के नये लोगो एवं एकलव्य विद्यालय की रूपांतरण पत्रिका का भी विमोचन किया गया। मंत्री श्री पटेल द्वारा कार्यक्रम में मत्स्य विभाग द्वारा 6 हितग्राहियों रिकोकला निवासी मोहन टंडन, लक्ष्मी टंडन, अजय टंडन को आइस बॉक्स एवं ग्राम छतवां के मालती प्रभाकर, अमृता अजगल्ले और शांति बाई को नेट (मछली जाल) प्रदान किया गया। कार्यक्रम में संसदीय सचिव एवं कसडोल विधायक सुश्री शकुन्तला साहू, अध्यक्ष कृषक कल्याण परिषद सुरेन्द्र शर्मा, अध्यक्ष जीव जन्तु कल्याण बोर्ड विद्याभूषण शुक्ल, सदस्य अनुसूचित जनजाति आयोग गणेश ध्रुव, अध्यक्ष रजक कल्याण बोर्ड लोकेश कन्नौजे उपस्थित थे। मंत्री श्री पटेल ने कार्यक्रम में कहा कि छत्तीसगढ़ में अंग्रेजों के खिलाफ बगावत का बिगुल शहीद वीर नारायण सिंह ने फूंका था। उनके बलिदान दिवस पर उन्हें याद करके हम गौरवान्वित महसूस करते हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार शहीद वीर नारायण सिंह के आदर्शों पर चलकर गांव, गरीब और किसानों के कल्याण में जुटी हुई है। किसानों का सर्वागीण विकास राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। भूपेश बघेल के नेतृत्व में सरकार ने तेन्दूपत्ता की खरीदी मूल्य 2500 रूपये से बढ़ाकर 4 हजार रूपये प्रति मानक बोरा किए हैं। पहले केवल 7 प्रकार के लघु वनोपजों की खरीदी की जाती थी, अब 52 प्रकार के वनोपजों की खरीदी कर रहे हैं। राज्य सरकार ने इनका लाभकारी समर्थन मूल्य भी घोषित कर रखा है। छत्तीसगढ़ देश में पहला राज्य है जिसने कोदो, कुटकी एवं रागी जैसी फसलों के समर्थन मूल्य घोषित इसी दर पर खरीदी शुरू कर दी हैं।

वर्षों से वन भूमि पर काबिज लोगों को वन अधिकारी पट्टा भी वितरित कर उन्हें चिंता से मुक्त किया हैं। राज्य में लगभग साढ़े 4 लाख लोगों को वन भूमि का पट्टा वितरित किया गया है। छत्तीसगढ़ इस मामले में भी पहला राज्य है कि इसने गोबर को भी किसानों और ग्रामीणों की आमदनी का जरिया बना दिया है। हम एक रूपये में चावल दे रहे हैं और 2 रूपये में लोगों से गोबर खरीद रहे हैं। इस तरह की व्यवस्था देश में और कहीं नहीं है। कार्यक्रम को संसदीय सचिव चन्द्रदेव राय ने भी सम्बोधित किया। जिला कलेक्टर रजत बंसल ने स्वागत भाषण दिया। एसएसपी दीपक कुमार झा, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के नागरिक उपस्थित थे।

# किसानों से परिचर्चित हुए कृषि विशेषज्ञ



श्रीकंचनपथ न्यूज

**बालोद।** बालोद जिले के गुरुर ब्लॉक अंतर्गत ग्राम तितुरगाहन में रिलायंस फाउंडेशन और कृषि विशेषज्ञों के द्वारा 06 दिसंबर 2022 मंगलवार को कृषि कार्य माला की सभी पहलुवों को जैसे की खेत की जुताई, बीज किस्मों, खेत की तैयारी, खरपतवार प्रबंधन कीट प्रबंधन, रोग प्रबंधन आदि की विषयो में होने वाले लगातो से कृषकों ने विशेषज्ञों को अवगत कराया ताकि कृषि कार्य में लगने वाले लगातो को उचित सलाह से अपने कृषि कार्यों को संचालित करके कम लागत में अच्छे से खेती करके अपना उत्पादन बढ़ाकर कृषक भाई मुनाफा कमा सके! इस कार्यक्रम मे ग्राम तितुरगाहन के ओमप्रकाश साहू डी.के.साहू ,रतिराम ,पन्नालाल आदि 35 - 40 कृषक भाई उपस्थित रहे! जिसमे रिलायंस फाउंडेशन से भूपेंद्र साहू तथा गोविन्द साहू उपस्थित रहे और समय समय पर रिलायंस फाउंडेशन के टॉल फ्री नंबर 18004198800 पर कॉल कर कृषि पशुपालन तथा मौसम की जानकारी लेते रहने को कहा।

# प्रेस क्लब के लोकार्पण से आमजनों को भी होगी मीडिया में अपनी बात रखने में सहूलियत- मंत्री लखमा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोण्डागांव। वाणिज्य कर (आबकारी) एवं उद्योग तथा जिले के प्रभारी मंत्री कवासी लखमा अपने दो दिवसीय कोण्डागांव प्रवास पर पहुंचे थे, प्रवास के दौरान जिले में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यो का जायजा लिया जिसमे ग्राम कोकोड़ी में निर्माणाधीन मक्का प्रसंस्करण प्लांट का निरीक्षण के पश्चात प्रभारी मंत्री कवासी लखमा एवं अंतागढ़ विधायक अनुप नाग द्वारा बांधा तालाब के समीप निर्माणाधीन आदिवासी विश्राम गृह के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया गया।**



इस अवसर पर उन्होने निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर सर्व आदिवासी समाज के अध्यक्ष बंगाराम सोड़ी एवं समाज के अन्य पदाधिकारियों तथा सदस्यों के साथ चर्चा करते हुए उन्हे शासन द्वारा अनुदान में प्राप्त दो करोड़ रूपयों से बन रहे सर्व सुविधा युक्त विश्राम गृह एवं शॉपिंग कॉम्पलेक्स के लिए बधाई देते कहा कि शॉपिंग काम्प्लेक्स के बनने से सामाजिक विविध कार्यक्रमों के लिये अब समाज को पैसे की दिक्कत नही होगी,13 दुकानों के नीलामी में ही समाज को एक करोड़ से अधिक की राशि प्राप्त होगी। सर्व समाज के निर्माणाधीन भवन निरीक्षण के पश्चात मंत्री कवासी लखमा प्रेस एंड मीडिया फेडरेशन सह प्रेस क्लब के निर्माणाधीन भवन पहुंचे, जहां प्रेस प्रतिनिधियों द्वारा उनका आत्मीय स्वागत किया गया।

उद्योग मंत्री द्वारा प्रेस एंड मीडिया फेडरेशन सह प्रेस क्लब के भवन का निरीक्षण करते हुए प्रेस प्रतिनिधियों से चर्चा कर उन्हे भवन निर्माण की बधाई देते कहा कि भवन बहुत ही बेहतरीन व सर्वसुविधायुक्त बन रहा है,इसके लोकार्पण से आम जनों को भी पत्रकारों से मेल मिलाप करने व अपनी बात रखने में सहूलियत होगी।मंत्री लखमा ने पत्रकारों से प्रेस क्लब की अन्य गतिविधियों को लेकर भी चर्चा किया।इस अवसर पर संसाद प्रतिनिधि कैलाश पोयम, वरिस्ठ कांग्रेसी मनीष श्रीवास्तव ,एसडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर, एसडीओपी निमितेश सिंह ,तहसीलदार विजय मिश्रा, जनप्रतिनिधि झुमुक दीवान, तरुण गोलछा तब्बसुम बानो सहित अन्य मौजूद रहे।

पॉवर कंपनीज में तीन दिवसीय अंतरक्षेत्रीय लॉन टेनिस प्रतियोगिता संपन्न

# खेल व्यक्ति को शारीरिक और मानसिक तौर पर फिट रखता है -एम.जामुलकर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग,।** केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वाधान में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूषन कंपनी लिमिटेड, दुर्ग क्षेत्र द्वारा आयोजित पॉवर कंपनीज अंतरक्षेत्रीय लॉनटेनिस प्रतियोगिता में रायपुर रीजन की टीम को विजेता एवं कोरबा पश्चिम क्षेत्र की टीम को उपविजेता होने का गौरव प्राप्त हुआ।

स्पर्धा का आयोजन दिनांक 08 से 10 दिसंबर 2022 तक लॉन टेनिस कॉम्पलेक्स, सिविक सेंटर भिलाई में किया गया। समापन के अवसर पर मुख्य अतिथि की आसंदी को सुषोभित करते हुए जामुलकर ने कहा कि विगत तीन दिनों में खिलाड़ियों ने अपने खेल कौषल का शानदार प्रदर्शन कर दर्षकों का मन मोह लिया है। उन्होंने कहा कि फाइनल का रोमांचक मैच देखकर मन प्रफुल्लित हो गया। खेल मैदान पर विद्युतकर्मियों का बेहतर प्रदर्शन अत्यंत सराहनीय है। मैं विजयी टीम के साथ-साथ उपविजेता एवं शेष टीमों को हार्दिक बधाई देता हूं। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य अभियंता(सी एंड टीएम) सीएसपीटीसीएल के.के.भौरासे ने किया। स्पर्धा में पावर कंपनीज के सात क्षेत्रों की टीमों यथा मेजबान टीम दुर्ग क्षेत्र, कोरबा पूर्व, कोरबा पश्चिम, रायपुर केन्द्रीय, रायपुर क्षेत्र, राजनॉदगांव क्षेत्र एवं बिलासपुर क्षेत्र के 35 खिलाड़ियों के बीच कुल 52 मैच हुए।

लॉन टेनिस के टीम इवेन्ट में रायपुर क्षेत्र के आर.के.बंछोर, एस.के.षर्मा, एहतेषाम उलहक, पवन कुमार ओगले एवं ओमन कुमार दिल्लीवार ने षानदार खेल का परिचय देते हुए अपनी टीम को जीत दिलाई। उपविजेता टीम कोरबा पश्चिम क्षेत्र के आर.के.साव, सुनील कुमार सिंह, हर्शल विष्वकर्मा, विकल्प तिवारी, षांतनु द्विवेदी ने भी उम्दा खेल का प्रदर्शन किया। ओपन डबल्स में रायपुर क्षेत्र के आर.के.बंछोर एवं दुर्ग क्षेत्र के रजनीष ओबेराय विजेता तथा कोरबा पश्चिम क्षेत्र के हर्शिल विष्वकर्मा एवं सुनील सिंह की जोड़ी उपविजेता रहे। ओपन सिंगल में दुर्ग क्षेत्र के .रजनीष ओबेराय विजेता एवं रायपुर क्षेत्र के आर.के.बंछोर उपविजेता रहे। सभी विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को मुख्य अभियंता तथा मंचासीन अतिथियों ने पुरस्कृत किया।

# धान के उठाव पर भी नजर बनाऐ रखें एसडीएम - कलेक्टर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**राजनांदगांव।** कलेक्टर डोमन सिंह ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर सिंह ने सभी एसडीएम से कहा कि धान उपार्जन केन्द्रों की लगातार मानिटरिंग करते रहें। किसी भी केन्द्र में जाम की स्थिति नहीं होना चाहिए। धान की खरीदी के साथ ही उठाव पर भी नजर बनाएं रखें। उन्होंने कहा कि जिले में नए 5 धान उपार्जन केन्द्र खुलने से किसानों को फायदा मिलेगा। भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा की गई घोषणा एवं निर्देश के परिपालन की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, अधोसंरचना से संबंधित सभी समस्याओं एवं मांगों का निराकरण सकारात्मक परिप्रेक्ष्य में किया जाना है। उन्होंने कहा कि विशेषकर शिक्षा एवं ईलाज के लिए प्राप्त आवेदनों पर प्राथमिकता से निराकरण करें। उन्होंने किसान पंजीयन के संबंध में जानकारी ली।

कलेक्टर सिंह ने कहा कि चिटफण्ड आवेदनों की एण्ट्री पर विशेष ध्यान देते हुए कार्य करें। उन्होंने वन अधिकार पत्र जारी ने, रिकार्ड अपडेशन, धान उपार्जन, खरीफविपणन वर्ष 2022-23 में उपार्जित धान एवं उठाव की प्रगति, भू-अर्जन प्रकरणों में मुआवजा भुगतान की स्थिति, आरबीसी 6-4 के प्रकरणों की जानकारी, फसल कटाई प्रयोग की तैयारी की समीक्षा की।





















# बैंक की महिला कैशियर ने किसानों से फर्जी साइन करवाकर खाते से निकाले 80 लाख रुपए

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में एक महिला कैशियर ने किसानों की खाते से एक दो नहीं पूरे 80 लाख रुपए निकाल लिए। घटना जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के जगमल चौक स्थित मंडी शाखा की है। बैंक में पदस्थ कैशियर ने खाताधारक किसानों के फर्जी हस्ताक्षर कर उनके खाते से 80 लाख रुपए निकाल लिए। बैंक मैनेजर ने जांच के बाद इसकी शिकायत कोतवाली थाने में की है। इसके बाद पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है।




### ऐसे खुला मामला

मिली जानकारी के अनुसार सरकंडा के कपिल नगर में रहने वाले हितेश सलूजा जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के जगमल चौक स्थित मंडी शाखा में प्रबंधक हैं। उन्होंने अपनी शिकायत में बताया कि नवंबर के पहले सप्ताह में वे धान खरीदी की तैयारी देखने के लिए समितियों का दौरा कर रहे थे। इस दौरान लेनदेन उनकी आइडी से लिपित मनोज कश्यप और विभारनी मसीह कर रहे थे। वहीं, 15 हजार रुपए से कम का लेनदेन कैशियर खुशबू शर्मा की आइडी से हो रहा था।


### मिली कई अनियमिताएं

समितियों के दौरे के बाद दो नवंबर की शाम वे शाखा आए। इस बीच बैंक के कार्यालय सहायक सोम तिवारी ने हस्ताक्षर कराने के लिए वाउचर को उनके सामने रखा। हस्ताक्षर के दौरान उन्होंने एक किसान प्यारेलाल के नाम पर दो वाउचर देखे। एक में किसान ने पांच हजार रुपए जमा कराए थे। वहीं, दूसरे वाउचर से उनके खाते से 15 हजार रुपए निकाले गए थे। दोनों के खाता नंबर एक ही थे वहीं, इसमें हस्ताक्षर अलग-अलग थे। शंका होने पर बैंक मैनेजर ने किसान के खाते की जांच की। इसमें कई अनियमितता मिली।

### चल रही जांच

बैंक प्रबंधक ने बताया कि बैंक में किसानों के खातों की जांच की जा रही है। प्राथमिक जांच में 80 लाख की गड़बड़ी सामने आई है। मामले की बैंक की ओर से आगे जांच की जा रही है। वहीं, किसानों से उनके खाते की जानकारी भी मांगी गई है। किसानों के सामने आने पर और भी मामले सामने आ सकते हैं। बैंक प्रबंधक ने इसकी जानकारी कोतवाली पुलिस को देने की बात कही है।

## खास खबर



### हादसे के बाद प्रशासन की खुली नींद, कलेक्टर ने बंद कराया कुम्हारी फ्लाईओवर का रास्ता

**भिलाई।** कुम्हारी में निर्माणाधीन फ्लाईओवर से गिरकर बाइक सवार पति पत्नी की मौत के बाद जिला प्रशासन की आंखे खुल गई हैं। कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा के निर्देशानुसार धमधा एसडीएम बृजेश क्षत्रिय ने फ्लाईओवर पर सुरक्षा उपायों के एनएच के अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिये और इस पर तुरंत अमल करने की कार्रवाई आरंभ कराई। फ्लाई ओवर के दोनों छोर पर सीमेंट का अवरोध लगाया गया और चारों स्थलों पर कांक्रीट वाल बैरीकेटिंग स्थापित किया गया है।

इसके साथ ही कलेक्टर ने फ्लाइओवर के दोनों ओर सुरक्षा के लिए ड्यूटी लगाने के निर्देश एनएच के अधिकारियों को दिये गये हैं। फ्लाई ओवर के नीचे जहां निर्माण कार्य पूरा हो चुका है वहां से भी मलबा हटाने के निर्देश दिये गये, इसके बाद जेसीबी से मलबा हटा लिया गया है। एनएच के अधिकारियों को 20 दिसंबर तक सर्विस रोड के मेंटेनेंस कार्य को पूरा करने के निर्देश दिये गये हैं।

एसडीएम क्षत्रिय ने बताया कि स्टेशन चौक कुम्हारी, धमधा और स्टेशन जाने वाली रोड को जोड़ने वाली सड़क की मरम्मत के लिए अनुविभागीय अधिकारी एनएच को निर्देशित किया गया है। कुम्हारी के जनप्रतिनिधियों, व्यापारियों और आम नागरिकों से भी चर्चा की गई है और उनके साथ ही सर्विस रोड का निरीक्षण किया गया है। एनएच के अधिकारियों को तत्काल सुधार कार्य आरंभ करने निर्देशित किया गया है। एसडीएम ने इस संबंध में तेजी से कार्रवाई करने और प्रतिदिन के कार्य की जानकारी देने एनएच के अधिकारियों को निर्देशित किया।

### बिलासपुर में मासूम से दरिंदगी, अपहरण के बाद दुष्कर्म, सुनसान जगह पर खून से लथपथ मिली

**बिलासपुर।** न्यायधानी में मासूम से दरिंदगी का मामला सामने आया है। सीसी टीवी फुटेज में एक बाइक सवार मासूम को ले जाते दिखा। बताया जा रहा है कि मासूम को नाश्ता कराने के बहाने युवक अपने साथ ले गया और सुनसान जगह पर ले जाकर उससे रेप किया और छोड़ कर फरार हो गया। मौके से मासूम खून से लथपथ मिली। राहगीरों ने देखा तो पुलिस को सूचना दी। इस मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी।

मिली जानकारी के अनुसार घटना चकरभाटा थाना क्षेत्र की है। चकरभाटा क्षेत्र के एक गांव की 7 वर्षीय बच्ची सब्जी मंडी के पास अपने भाई के साथ घूम रही थी। बच्ची के माता पिता रोजी मजदूरी करते हैं। इस दौरान एक बाइक सवार युवक पहुंचा और बच्ची को होटल में नाश्ता कराने की बात कहकर ले गया। इसके बाद सुनसान जगह पर बच्ची से दुष्कर्म किया और उसे वहीं पर बदहवास छोड़कर चला गया।

बच्ची के अचानक लापता होने से घरवालों को चिंता हुई और उसकी तलाश शुरू की गई। करीब 12 बजे के आसपास राहगीरों ने बच्ची को खून से लथपथ हालत में देखा। मौके पर पहुंची पुलिस ने बच्ची को अस्पताल पहुंचाया और इधर जांच शुरू की गई। सीसी टीवी फुटेज में एक बाइक सवार देखा गया है। पुलिस फिलहाल बाइक सवार की तलाश कर रही है। सीसी टीवी फुटेज में देखा जा सकता है कि दोनों बच्चे जा रहे हैं और कुछ देर बाद बाइक सवार बच्ची को ले जाते दिखा। पुलिस का मानना है कि आरोपी जानपहचान का हो सकता है फिलहाल उसकी तलाश की जा रही है।

# इंटरनेशनल ब्रांड कैनन के प्रिंटर का नकली इंक बेच रहे थे जालसाज, तीन कारोबारी गिरफ्तार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राजधानी के गोल बाजार थाना क्षेत्र में बड़ी जालसाजी का खुलासा हुआ है। यहां पर इंटरनेशनल ब्रांड कैनन के नाम से नकली सामान बेचने वाले तीन कारोबारियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। यहां के गोलबाजार थाना पुलिस ने इलेक्ट्रॉनिक समान बेचने वाले मिलेनियम प्लाजा, आईटी मॉल, साक्षी कंप्यूटर सर्विस, गर्ग इंटरप्राइजेज में दबिश दी। यहां से प्रिंटर में लगने वाला 73 बॉक्स टोनर इंक के साथ लाखों का सामान जब्त किया गया। इस मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 63 कापी राइट एक्ट 1957 के तहत कार्रवाई की है।



मिली जानकारी के अनुसार Cxi कन्सलटेन्ट इंडिया प्राईवेट लिमिटेड के आपरेशन मैनेजर एवं जांच अधिकारी दिल्ली निवासी मुजीब खान पे लिखित शिकायत दी थी। उन्होंने अपनी शिकायत में बताया कि मिलेनियम प्लाजा मे साक्षी कम्प्यूटर के मालिक गजेन्द्र सिंह, आईटी मॉल तीसरी मंजिल के मालिक सौरभ नाहटा एवं मिलेनियम प्लाजा के सामने गर्ग इंटरप्राईजेश का मालिक विकास अग्रवाल Canon कम्पनी का नकली उत्पाद को असली बता कर बेच रहे हैं। जिससे Canon कम्पनी व सरकार को राजस्व की हानि हो रही है।

शिकायत के बाद Cxi कन्सलटेन्ट इंडिया प्राईवेट लिमिटेड के आपरेशन मैनेजर एवं जांच अधिकारी मुजीब खान एवं गवाह यशराज सिंह तोमर एवं धर्मेन्द्र कुमार सिंह को लेकर मिलेनियम प्लाजा तीसरा मंजिल आईटी मॉल पहुंचा। दुकान में सौरभ नाहटा मिले। दुकान की तलासी लेने पर Canon कम्पनी के नकली उत्पाद Canon NPG 59 Toner ब्लेक 15 नग, कीमती 43350 रूपये को बरामद किया। इसके बाद साक्षी कम्प्यूटर सर्विस मिनेनियम प्लाजा पहुंचे जहां संचालक गजेन्द्र सिंह राजावत की सहमति से जांच की गई।

यहां पर Canon NPG 28 Toner ब्लेक 03 नग कीमती 7875 रूपए, Canon NPG 59 Toner ब्लेक 01 नग कीमती 3448 रूपए, Canon PIXMA 790 BK इंक 135 ML कुल 06 नग कुल कीमती 3234 रूपए, Canon PIXMA 790 रुपए इंक 70 ML कुल 05 नग कीमती 2695 रूपए, Canon PIXMA 790 C इंक 70 ML कुल 06 नग कीमती 3234 रूपए, Canon PIXMA 790 Y इंक 70 ML कुल 08 नग कीमती 4312 रूपए बरामद किया गया।

इसी कड़ी में मिलेनियम प्लाजा के सामने स्थित गर्ग ईटरप्राईजेश में दबिश दी गई। यहां पर दुकान का संचालक विकास अग्रवाल मिला। इनकी दुकान में जांच करने पर Canon NPG 28 Toner कुल 18 नग कीमती 47250 रूपए, Canon NPG 51 Toner 05 नग कीमती 23125 रूपए का सामान को बरामद किया।

मासूम की मौत पर बवाल

# कोरबा में बच्चे की टीका लगाने के बाद मौत परिजनों ने कहा एक्सपायरी डेट का लगाया टीका



श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** आंगनबाड़ी में बच्चे को पीसीवी वैक्सीन लगाने के बाद मौत से बवाल मच गया। बच्चे को टीका लगाने के बाद उसे बुखार आया। बच्चा रात में तो सो गया लेकिन दूसरे दिन उठा नहीं। परिजनों ने देखा तो उसके सांसें नहीं चल रही थीं। इसके बाद परिजन बच्चे के शव को लेकर कलेक्ट्रेट पहुंच गए। कलेक्टोरेट गेट के पास रखकर प्रदर्शन करने लगे। परिजन टीका लगाने वाली एएनएम पर कार्रवाई की मांग कर रहे थे।

मिली जानकारी के अनुसार कोरब के रिसडी वार्ड क्रमांक 32 में रहने वाले दिलबोध और कांति बाई के बच्चे हर्षित को टीका लगवाने आंगनबाड़ी ले गए थे। यहां पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अनीता रात्रे ने उसे पीसीवी की वैक्सीन लगाई। इस दौरान उसके माता-पिता भी मौजूद थे। टीका लगाने के कुछ ही देर बाद हर्षित को बुखार आ गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने बताया कि वैक्सीन लगने के बाद हल्का बुखार आना नॉर्मल है।

इसके बाद दोनों बचचे को लेकर घर आ गए। घर पर बच्चे का बुखार बढ़ता चला गया। इसके बाद बच्चा रात को सो गया लेकिन अगले दिन वह उठा नहीं। कलेक्टोरेट पहुंचे परिजनों ने बच्चे को एक्सपायरी डेट का टीका लगाने का आरोप लगाया है। इस मामले की जांच की मांग के साथ ही ANM अनीता रात्रे पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। कलेक्टर कार्यालय में बवाल की सूचना के बाद तहसीलदार मुकेश देवांगन, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर दीपक राज, सीएसपी कोरबा मौके पर पहुंचे और परिजनों को जांच का भरोसा दिलाया। तब कहीं जाकर परिजन माने और पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

# गार्डन में लेट कर खिला रहे थे ऑनलाइन सट्टा, पुलिस की रेड में पकड़ाए तीन सटोरिए

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** महादेव बुक आईडी से सट्टा खिलाने वालों के खिलाफ दुर्ग पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी कड़ी में दुर्ग पुलिस ने हिमाचल प्रदेश में ऑनलाइन सट्टा खिलाने के बाद भिलाई लौटकर यहां पर ऑनलाइन सट्टा का कारोबार करने वाले तीन सटोरियों को गिरफ्तार किया है। तीनों सटोरिए ने गार्डन में अपनी दुकान खोल रखी थी। पुलिस ने गार्डन से तीनों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने तीनों सटोरियो के पास से 2 लैपटॉप, 1 टेबलेट, 5 मोबाईल फोन, 3 एटीएम, 1 चेकबुक जब्त किया है।



इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी कुछ लोग अंबेडकर गार्डन सेक्टर-1 में लैपटॉप रखकर संदिग्ध गतिविधियां कर रहे हैं। सूचना पर पुलिस ने गार्डन में दबिश दी और मौके से हाउसिंग बोर्ड निवासी नितिन मिश्रा, सुंदर विहार कॉलोनी कुरुद निवासी विवेक शास्त्री व वैशाली नगर निवासी अमित सिंह को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में तीनों सटोरियों ने बताया कि वे पहले हिमाचल प्रदेश पोटी जिला शिमला गए थे।

19 अक्टूबर से वे हिमाचल में थे और वहां पर ढाई लाख रुपए किराए में रूम लेकर रहे थे। वहां पर वे 6 पैनल चला रहे थे। नुकसान होने के कारण वापस भिलाई लौटे और नागपुर से 6 लाख रुपए में आईडी खरीदी और सट्टा खिलाना शुरू किया। इन दिनों दुर्ग पुलिस की सक्रियता को देखते हुए तीनों ने गार्डन से ऑपरेट करने का प्लान बनाया लेकिन यहां भी वे बच नहीं पाए। उक्त कार्यवाही निरीक्षक कृष्णा कुमार कुशवाहा, सउनि नागेन्द्र बछौर, आरक्षक अजय सिंह, मोहम्मद शफीक, राजेन्द्र बतो की उल्लेखनीय भूमिका रही।

भिलाई की सबसे बड़ी
चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षों से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी
RUPESH KUMAR
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
कृष्णा टाकिज रोड, विजय भवन के पास, रिसाली, भिलाई
जलाराम मिष्ठान के सामने, इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले, पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई,
फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

माँ दुर्गा ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषणों विक्रेता
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट
सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में
रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572

## खास - खबर

### छत्तीसगढ़ कलाकार सेवा समिति के पदाधिकारियों ने की विधायक वोरा से भेंट

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ कलाकार सेवा समिति मुक्तिधाम रायपुर नाका दुर्ग द्वारा दुर्ग विधायक अरुण वोरा से भेंट कर मुक्तिधाम के विकास कार्य एवं सौन्दरीकरण के कार्य अतिशीघ्र करवाने चर्चा की गई। जिस पर विधायक वोरा ने शीघ्र ही कार्य प्रारंभ करने की बात कही है। बता दे कि छत्तीसगढ़ कलाकार सेवा समिति द्वारा रायपुर नाका दुर्ग स्थित मुक्तिधाम को मानव सेवा में समर्पित गोद लिया हुआ है। इसी भावनाओं से मुक्तिधाम में पेयजल फ्रिजर की व्यवस्था लायंस क्लब, भिलाई द्वारा सहयोग लेकर दुर्ग विधायक अरुण वोरा के द्वारा लोकार्पण कराई गई थी। उक्त आयोजन में विधायक वोरा व्दारा मुक्तिधाम के विकास कार्य हेतु दस लाख रू विधायक मद से देने की घोषणा की गई थी। आज विधायक वोरा से समिति के अध्यक्ष महेश राव, संरक्षक देवानंद साहू, सुबीर राय,मधुप शर्मा ,बाबा सिन्हा, प्रवीण वासनिक, रवि गौर ने मिलकर शीघ्र ही कार्य प्रारंभ करने निवेदन किया।

### एसएमएस 2 के इतिहास में पहली बार पांच कास्टर का एक साथ संचालन

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के स्टील मेल्टिंग शॉप क्रमांक 2 ने दिनांक 10 दिसंबर 2022 को पांच कास्टर को पहली बार एक साथ संचालन कर महत्वपूर्ण योगदान दिया। रखरखाव (मेंटेनेंस) कारणों के वजह से संयंत्र के स्टील मेल्टिंग शॉप क्रमांक 3 को एक दिन के लिए शटडाउन में लिया गया है। संयंत्र के कार्यपालक निदेशक (वर्क्स) श्री अंजनी कुमार के नेतृत्व में ब्लास्ट फर्नेस से उत्पादित हॉट मेटल का स्टील मेल्टिंग शॉप क्रमांक 2 में ही खपत करने हेतु योजना बनाई गई। एस एम एस 2 के पांच कास्टर का एक साथ संचालन कर क्रूड इस्पात के उत्पादन की निरंतरता सुनिश्चित करना अपने आप में एक चुनौती थी। एस एम एस क्रमांक 3 के शटडाउन के मद्देनजर एस एम एस 2 के मिक्सर, कन्वर्टर एवं पांच कास्टर के एक साथ संचालन हेतु योजना एस एम एस 2 के शीर्ष अधिकारी और विभिन्न सेक्शन के टीम के सदस्यों को साथ लेकर बनाई गई । आज 10 दिसंबर 2022 के सुबह संयंत्र के डायरेक्टर इन चार्ज श्री अनिर्बान दासगुप्ता तथा कार्यपालक निदेशक (वर्क्स) श्री अंजनी कुमार ने एस एम एस 2 के शीर्ष अधिकारी संग कास्टर एरिया का दौरा कर निरीक्षण किया तथा जरूरी दिशानिर्देश दिए ताकि उत्पादन की निरंतरता बनाए रखने में कोई बाधा न आए।

### वैशालीनगर के साहू दंपत्ति ने एकसाथ देहदान कर पेश की मानवता की मिसाल

**भिलाई।** मानवता की भलाई के लिए देहदान की अनुकरणीय मिसाल कायम करने वालों में वैशालीनगर के साहू दंपत्ति का नाम भी शामिल हो गया है। गोल मार्केट के समीप निवास करने वाले वेटरनरी डॉक्टर हीरा लाल साहू और उनकी पत्नी सन्मति साहू निवास में प्रनाम के अध्यक्ष पवन केसवानी की काउंसलिंग के माध्यम से जारी देहदान की वसीयत के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। नेहरू नगर के कबीर आश्रम के आध्यात्मिक एवं सेवा कार्यों के प्रति समर्पित साहू दंपति ने एम्स रायपुर के नाम लिखी वसीयत में मरणोपरांत अपना मृत शरीर अध्ययन हेतु दान करने का संकल्प लिया। इस दौरान उनके पुत्र पिंकेश और बहु भूमिका साहू ने भी काउंसलिंग में शामिल होकर कितना भावनात्मक सहयोग प्रदान किया।

## विधायक देवेन्द्र की पहल पर संवरेगा बाबा बालकनाथ मंदिर का तालाब

# पलेंगी रंगीन मछलियां

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। शहर के तालाब में रंगीन मछलियां पालने का प्लान किया जा रहा है। भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव के पहल से खुर्सीपार स्थित बाबा बालक नाथ सरोवर का सौदरीकरण किया जाएगा। इस तालाब को सेक्टर 5 के शहीद पार्क से भी खूबसूरत और भव्य रूप में डेवलप किया जाएगा। सिर्फयही नहीं इस तालाब के सौंदर्यीकरण के साथ ही यहां म्यूजिक फाउंटेशन से लेकर पार्क, लाइटिंग सभी तरह की सुविधा डेवलप की जाएगी।**



तालाब को पूरी तरह से साफ कर पानी भरा जाएगा और रंगीन मछलियां डाली जाएगी। यह सिर्फ खुर्सीपार ही नहीं बल्की पूरे शहर का पहला और इकलौता ऐसा तालाब होगा, जिसकी सुंदरता और भव्यता लोगों के लिए बेहद आकर्षण का केंद्र होगी। इस सौंदर्यीकरण विकास कार्य का भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन आज किया गया। भिलाई नगर विधायक देवेन्द्र यादव ने वार्ड पार्षद व अन्य जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति में यहां भूमिपूजन किया। वार्ड के नागरिकों ने बाबा बालक नाथ मंदिर सरोवर की सौदरीकरण के लिए लाइन अगर विधायक देवेंद्र यादव का दिल से आभार जताया वार्ड वासियों ने कहा कि विधायक देवेंद्र यादव के पहल से क्षेत्र की तस्वीर बदल गई है। लोगों ने यह भी कहा कि अब पहले जैसा खुर्सीपार नहीं रहा आज के खुर्सीपार में खेल मैदान से लेकर गार्डन ओपन जीम, साफ-सुथरी सडको की सर्व सुविधा है। वार्ड में मूलभूत सुविधाएं लोगों को मिल रही है पीने के लिए शुद्ध पानी और गलियों की नियमित साफ-सफाई से आज लोगों के जीवन में काफी बदलाव हुआ है।

### 27 लाख से डेवलपमेंट किया जाएगा



खुर्सीपार स्थिति बाबा बालक नाथ मंदिर से लगे हुए इस सरोवर का सौंदर्यीकरण कार्य 27 लाख की लागत से किया जाएगा। दो फेस में काम होगा। पहले फेस में तालाब की साफसफाई की जाएगी। पूरे तालाब का गंदा पानी निकाल कर दलदली मिट्टी निकाली जाएगी। तालाब पूरा साफकरने के साथ ही तालाब के घाटो को बनाया जाएगा। इसके बाद चारों ओर गार्डनिंग की जाएगी। फेस 1 में यह सब काम होने के बाद फेस 2 में पूरे क्षेत्र में रंग बिरंगी लाइटें लगाई जाएगी। हाइ मास्क लाइटे भी लगाई जाएगी। म्यूजिकल फाउंटेन भी लगया जाएगा। इसके अलावा जब तालाब पूरा साफहो जाएगा तो यहां रंगीन मछलियां डाली जाएगी।

## व्यापारी साथियों से जुड़ी समस्याओं के निराकरण के लिए निश्चित रूप से प्रयास किया जायेगा - भसीन



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज भिलाई इकाई द्वारा प्रदेश महामंत्री अजय भसीन के नेतृत्व में कुम्हारी मार्केट का दौरा किया गया। जनसंपर्क के दौरान व्यापारियों ने कुम्हारी बाजार क्षेत्र की समस्याओं के बारे में विस्तार से बताया। इस पर श्री भसीन द्वारा उनकी समस्याओं के जल्द से जल्द निराकरण का आश्वासन दिया गया। उन्होंने कहा कि व्यापारी साथियों से जुड़ी समस्याओं के निराकरण के लिए निश्चित रूप से प्रयास किया जायेगा।

जनसंपर्क अभियान के दौरान श्री भसीन ने व्यापारी साथियों से चेम्बर की सदस्यता ग्रहण करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि संगठन जितना अधिक मजबूत होगा हम प्रशासन के सामने अपनी समस्याओं को उतनी ही मजबूती से रख सकेगें तभी प्रशासन की तरफ से कोई सार्थक पहल होगी। सारे व्यापारियों ने सदस्यता लेने की अपील का स्वीकार किया और जल्द ही कुम्हारी में चेम्बर की एक मजबूत टीम दिखाई देगी। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कामर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज अपने अभियान को लेकर सभी व्यापारियों के लिए उन्हें जागरूक कर बहुत अहम भूमिका निभा रहा है। इस अभियान में प्रमुख रूप से रामआधार शर्मा, चिन्नाराव ,सुनील मिश्रा, प्रेमरतन गहलोत, मनोज माखीजा, विनय सिंह, शिवराज शर्मा, आदि लोग उपस्थित थे।

## आयुक्त पहुंचे बोरसी क्षेत्र: निरीक्षण के दौरान साफ सफाई व्यवस्था बेहतर करने निर्देश

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 51 बोरसी और वार्ड क्रमांक 53 मीनाक्षी नगर में गलियों और सड़कों में साफ सफाई व्यवस्था और भी बेहतर करने का कहा। आयुक्तआईएएस लक्ष्मण तिवारी निरीक्षण में निरीक्षण के दौरान वार्ड के सुपर वाइजर को प्रतिदिन शहर के अपने वार्ड क्षेत्रो के गलियों का निरीक्षण करते हुए सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने के निर्देश दिए।**

निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली,सफाई दरोगा सुरेश भारती, सुपर वाइजर आशीष बघेल व अन्य मौजूद थे। इसके अलावा आयुक्त ने सीधा संदेश दिया कि साफ सफाई व्यवस्था पर कोई समझौता नहीं किया जाएगा। सफाई व्यवस्था भी दुरुस्त रखें। उन्होंने स्थानीय नागरिकों की समस्याएं भी सुनीं। बोरसी निरीक्षण मौके पर समस्याओं का समाधान किए जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।बोरसी निरीक्षण के दौरान आयुक्त आईएएस लक्ष्मण तिवारी ने कहा कि मकान निर्माण होने के पश्चात इसके मलबे को सड़क के किनारे मकान मालिक द्वारा ऐसे ही खुले में छोड़ दिया गया है, उन्होंने कहा कि मकान मालिक को मलबा हटवाने को कहे अथवा समझाइश देने के बाद भी नहीं मानने पर जुर्माना लगाने की कार्रवाई करें और मलबा हटवाए। सड़क किनारे मलबा पड़े होने के कारण आवागमन में बाधा के साथ ही दुर्घटना की संभावनाएं बढ़ जाती है तथा गंदगी का आलम नजर आता है इसके साथ ही यह नाली को जाम कर देता है जिससे नाली सफाई में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ऐसे लोगो पर कार्यवाही के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र में स्वच्छता अभियान जोरो से चल रहा है।

## फ्लाइंग अफसर बनी दुर्ग की बेटी, 17 को हैदराबाद में होने वाले पासिंग आउट परेड में मिलेगा पद

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। दुर्ग की लाड़ली बिटिया निवेदिता शर्मा को भारतीय वायु सेना में छत्तीसगढ़ की प्रथम महिला फ्लाइंग आफिसर बनने का गौरव प्राप्त होने जा रहा है। दुर्ग में पली-बढ़ी निवेदिता को 17 दिसम्बर को हैदराबाद स्थित प्रशिक्षण अकादमी की पासिंग आउट परेड में फ्लाइंग आफिसर की पदवी से विभूषित किया जाएगा।**



पोस्टिंग पर जाने से पहले निवेदिता शर्मा अपने घर दुर्ग भीआयेंगी। शुरू से ही मेघावी रही निवेदिता शर्मा शहर के प्रतिष्ठित पंडित रमेशचंद, मनोज कुमार, रेवतीनंदन शर्मा परिवार से है। वे अशोक कुमार शर्मा (कास्ट एकांउटेट) भूतपूर्व प्रबंधक नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित, दुर्ग की वरिष्ठ पुत्री हैं। निवेदिता ने दुर्ग में कक्षा पाचवीं से लेकर दसवीं तक की पढ़ाई माइल स्टोन, जुनवानी, भिलाई में की। इसके बाद कक्षा ग्यारहवी से कक्षा बारहवीं तक की पढ़ाई श्री शंकरा स्कूल सेक्टर-10 से की तथा कामर्स स्नातक की पढ़ाई दुर्ग गर्ल्स कॉलेज दुर्ग से की है।

निवेदिता शर्मा ने AFCAT की लिखित परीक्षा उत्तीर्ण की इसके पश्चात एसएसबी परीक्षा वाराणसी में साक्षात्कार के लिए बुलाया गया उसमें चयनित होने के बाद दिल्ली में मेडिकल फ्टिनेस में सफल होने के बाद ट्रेनिंग के लिए वायु सेना अकादमी आफिसर्स ट्रेनिंग हैदराबाद में शामिल हुई। निवेदिता के आफिसर्स अकादमी हैदराबाद में ट्रेनिंग के पूरे टेस्ट सफलता पूर्वक पूरे किये। उन्हें अब 17 दिसम्बर को पासिंग आउट परेड में उन्हें फ्लाइंग आफिसर का दर्जा मिलेगा।

हैदराबाद के आफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी में होने वाली परेड का सीधा प्रसारण डीडी वन एवं यूट्यूब पर सुबह 9 से 10 बजे तक कम्बाइण्ट ग्रेजुशन परेड एवं सुबह 10 से 10.50 तक ऐरोबेटिक डिस्प्ले होगा। इस गौरवपूर्ण क्षण के साक्षी बनने के लिए दुर्ग के लोग उत्सुक हैं।

## इंदिरा गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस मनाया

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। इंदिरा गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय वैशाली नगर भिलाई दुर्ग में 10 दिसंबर को अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री आशीष डिहारिया, सचिव/ व्यवहार न्यायाधीश, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दुर्ग थे।**




कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई। इसके पश्चात अतिथियों का स्वागत किया गया।

प्रभारी प्राचार्य डॉ कैलाश शर्मा जी ने अपने उद्बोधन में मानवधिकार की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि ने अपने भाषण की शुरुआत मानवाधिकार के इतिहास से की। उन्होंने जानकारी दी कि 10 दिसंबर को मानवाधिकार दिवस क्यों मनाया जाता है। उन्होंने अंतराष्ट्रीय मानव अधिकार के चार्टर में दिए गए अधिकार और भारतीय संविधान में दिए गए मूल अधिकार में समानताएं विस्तारपूर्वक बताई। उन्होंने छात्र छात्राओं में अधिकारों के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। उद्बोधन के अंत में उन्होंने छात्र छात्राओं के प्रश्नों के उत्तर भी दिए।

कार्यक्रम के आयोजक अमृतेश शुक्ला (सहा. प्रा, राजनीति विज्ञान) थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ चांदनी मरकाम(सहा. प्रा.,समाजशास्त्र, हृस्स कार्यक्रम अधिकारी ) ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन महेंद्र कुमार अलेंद्र (सहा. प्रा, संस्कृत, NCC अधिकारी) ने दिया। कार्यक्रम में डॉ एस के बोहरे, डॉ एस के दास, डॉ भूमिराज पटेल , सुश्री अत्रीका तथा काफी संख्या में महाविद्यालय के छात्र छात्रा उपस्थित थे। कार्यक्रम की सफलता के लिए महाविद्यालय परिवार ने अपनी मार्गदर्शिका और संस्था प्रमुख डॉ श्रीमती अलका मेश्राम को आभार दिया।

## ठेकेदारों की मिलीभगत से मजदूरों का शोषण कर रहा मैनेजमेंट:शर्मा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। भारत रत्न लोकनायक जयप्रकाश नारायण स्मारक प्रतिष्ठान एवं आचार्य नरेंद्र देव समिति जन अधिकार अभियान समिति के संस्थापक अध्यक्ष आरपी शर्मा का कहना है कि जीवन भर ठेकेदारों की मिलीभगत से जिन श्रमिकों का मैनेजमेंट द्वारा शोषण किया गया है उन्हें भिलाई स्टील प्लांट के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता को अब श्रमवीर कहने की आवश्यकता क्यों पड़ रही है?**

शर्मा ने जारी बयान में कहा है कि ठेका श्रमिकों को भिलाई स्टील प्लांट में सही मजदूरी नहीं मिल रही है, वहीं कुशल-अकुशल श्रमिकों पर मतभेद बढ़ाकर उनका शोषण किया जा रहा है। दासगुप्ता को उस दिन की याद नहीं आई जिस दिन 9 श्रमिकों को देशद्रोही करार दिया गया था और उनके श्रम का अवमूल्यन कर उनकी निष्ठा- प्रतिष्ठा को अपमानित किया गया था। इतना ही नहीं निचले स्तर पर काम करने वाले ठेका मजदूरों के पे रिवीजन की राशि और मानवीय अधिकारों का हनन किया गया है। उन्होंने कहा कि आज पूरा कारखाना ईमानदार और निष्ठावान श्रमिकों एवं अधिकारियों के बूते खड़ा हुआ है ऐसे अधिकारियों के बूते नहीं जो दिन-ब-दिन टाउनशिप को कंक्रीट के जंगल में तब्दील करने में तुले हुए हैं। रहा सवाल भ्रष्टाचार का तो भ्रष्टाचार वर्तमान में छोटे से लेकर बड़े अधिकारियों तक समाहित है।

## बीएसपी में 576 कर्मचारी अनुकरणीय प्रदर्शन के लिए नेहरू पुरस्कार से सम्मानित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। 10 दिसंबर, 2022 को नेहरू हाउस ऑफकल्चर, भिलाई में आयोजित एक शानदार समारोह में सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के 576 कर्मचारियों को प्रतिष्ठित नेहरू पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। नेहरू पुरस्कार सेल-बीएसपी प्रबंधन द्वारा अपने कर्मचारियों को उनके अनुकरणीय प्रदर्शन, योगदान, ईमानदारी और समर्पण के लिए प्रदान किया जाने वाला सर्वोच्च पुरस्कार है।**




भिलाई इस्पात संयंत्र के 34 अधिकारियों ने व्यक्तिगत तौर पर दिया जाने वाला जवाहर अवार्ड प्राप्त किया जबकि 61 कर्मचारियों ने व्यक्तिगत नेहरू अवार्ड प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त संयंत्र के 61 समूहों के कुल 481 कर्मचारियों ने जवाहरलाल नेहरू सामुहिक पुरस्कार प्राप्त किया। पुरस्कार विजेताओं को प्रमाण पत्र और नकद पुरस्कार प्रदान किया गया। इस अवसर पर भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी, अनिर्बान दासगुप्ता, कार्यपालक निदेषक (वर्क्स) अंजनी कुमार, कार्यपालक निदेशक (खदान), तपन सूत्रधार, कार्यपालक निदेषक (कार्मिक एवं प्रषासन), एम एम गद्रे, कार्यपालक निदेशक (परियोजनाएं), एस मुखोपाध्याय, कार्यपालक निदेशक (वित्त एवं लेखा), डॉ ए के पंडा तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ एम रविन्द्रनाथ उपस्थित थे। निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता और कार्यपालक निदेशकों ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किया। नेहरू पुरस्कार प्राप्त करने वालों को बधाई देते हुए निदेशक प्रभारी, दासगुप्ता ने कहा कि आज दिए जा रहे नेहरू पुरस्कार सेल और संयंत्र प्रबंधन द्वारा अपने कर्मचारियों को उनकी ईमानदारी, समर्पण और योगदान के पुरस्कार के रूप में दिया जाने वाला सर्वोच्च सम्मान है। उन्होंने कहा कि संयंत्र और कंपनी के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए नियमित से ऊपर उठने की कर्मचारियों की प्रबल इच्छा को हमारी कंपनी ने हमेशा सराहा है। श्री दासगुप्ता ने कहा कि पुरस्कार विजेता अपने समूह का प्रतिनिधित्व करते हैं। संयंत्र और माइन्स में आप सभी को सुरक्षा लीडर के रूप में कार्य करना चाहिए ताकि उत्पादन और उत्पादकता बढ़े।

हमारा दायित्व है कि कार्यस्थल में सुरक्षा सुनिष्चित करें और मॉडेक्स परियोजना को आगे बढ़ाये। साथ ही साथ कार्बन डाइ ऑक्साइड उत्सर्जन को कम करें। उन्होंने सभी पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी। संयंत्रकर्मी के परिवार के सदस्यों और अन्य सहकर्मी ने समारोह में वर्चुअली भाग लिया। इन सभी को वर्चुअली शामिल होने के लिए लिंक भी उपलब्ध कराया गया था। कार्यक्रम के प्रारंभ में नेहरू पुरस्कार के विजेताओं और उपस्थित अतिथियों का स्वागत मुख्य महाप्रबंधक (कार्मिक) सुश्री निशा सोनी ने किया। कार्यक्रम का संचालन महाप्रबंधक (कार्मिक-आईआर और सीएलसी) जे एन ठाकुर ने किया। प्रबंधक सुश्री अनुराधा साहा और प्रबंधक (कार्मिक-एचआरआईएस) सुश्री निशा बाल द्वारा प्रषस्ति पत्र पढ़ा गया।

## रात में कंबल लेकर निकलते है युवा ताकि कोई ठण्ड से ना हो परेशान- जीव दया ग्रुप

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। रात के 12 बजे रहे हो या और भी कोई वक्त बस उन्हें एक फ़ोन आता है कि सड़क पर एक गरीब ठंड से ठिठुर रहा है। वे कुछ ही ही देरी में वहाँ हाज़िर हो जाते है और बिना किसी से कुछ कहे उन ग़रीबों क़ो कंबल ओढ़ाकर चले जाते है। शहर में इन दिनो रात में मशीहा बन, कई ग्रुप सामाजिक जिम्मेदारी निभा रेह है। इनमे से एक जीव दया ग्रुप।**



जो न केवल ठंड में लोगों को कंबल देकर उन्हें ठंड से बचा रही है , साथ ही गायों को रोटी खिलाने से लेकर चिड़ियों के लिए भी दाना- पानी काँ भी इंतज़ाम करते है। ग्रुप के युवाओं का कहना है कि छोटी-छोटी मदद के ज़रिये वे सभी जीव सेवा में जुड़े है। ग्रुप में अर्पित लोढ़ा, मयंक लुनिया, अशोक लोढ़ा ,राहुल कोचर, नीरज लुनावत, प्रवेश पारख, आदित्य नाहर, शैलेश बुरड, अमित बाफ़ना,मयंक बोथरा, ऋ षभ गोलछा, मतिश चोपड़ा, यश बरडिया सहित 30 युवा शामिल है , इनको करे फ़ोन:- मयंक बोथरा - 83590 66666, यश बरडिया - 883-9208289, आदित्य नाहर - 7000741205, ऋषभ गोलछा - 7974335171 जो निस्वार्थ भावना से जुड़े हुए है । अपने बिज़नेस, नौकरी के बीच थोड़ा सा समय निकालकर वे मानव सेवा में जुटे हुए है। टीम बनाकर काम: ग्रुप के प्रवेश पारख और योगेश कोचर ने बताया कि ठंड के दिनो में कंबल बाटने अलग- अलग ग्रुप बना बनाए गये है।

ज़िनमें से कुछ लोगों के नम्बर सोशल मीडिया पर दिए गए है, ताकि कोई भी व्यक्ति उन्हें फ़ोन करके जानकारी दे सके।फ़ोन आते ही उनका ग्रुप मदद के लिए तुरंत ही पहुँच जाता है उन्होंने बताया की ठंड से बचने के लिए वे कंबल बाटते है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950